www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173
सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

**मौसम**
अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

2 कानून के दुरुपयोग की आदत, विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा मनमाने ढंग से इस्तेमाल थम नहीं रहा
सीबीआई चीफ और जज बनकर ठगी करने वाले 7 गिरफ्तार 04

वर्ष :09 | अंक :12 | मुंबई , गुरुवार , 03 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आईईडी धमाके में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) धमाके में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना मंगलवार शाम जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र के सिराकोंटा और दम्पाया गांव के मध्य की है। उन्होंने बताया कि पेगड़ापल्ली निवासी ग्रामीण विशाल गोटे (32) वन उपज (मशरूम) बटोरने के लिए गए थे तभी आईईडी धमाके में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि गोटे के पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि उसे तत्काल मद्देड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बीजापुर और बाद में मेडिकल कॉलेज अस्पताल जगदलपुर भेज दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों से अनुरोध किया गया है कि वे जंगल में जाते समय विशेष सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस थाना या निकटतम सुरक्षा शिविर को दें। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सली सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए जंगलों और सड़कों पर आईईडी धमाके करते हैं। कई बार इसका शिकार ग्रामीण भी हो जाते हैं।

## अदालत ने नशीले पदार्थ मामले में पूर्व पुलिस हेड कांस्टेबल को 10 साल कारावास की सजा सुनाई

सिक्किम के पाकयोंग जिले की एक अदालत ने एक पूर्व पुलिस हेड कांस्टेबल को मादक पदार्थ रखने के मामले में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। पाकयोंग जिले के एक विशेष न्यायाधीश ने पूर्व पुलिस हेड कांस्टेबल पेम शेरिंग भूटिया को सिक्किम नशीले पदार्थ रोधी अधिनियम (एसएडीए) के तहत मंगलवार को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। भूटिया को 2021 के एक मामले में व्यावसायिक उपयोग के लिए बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ रखने का दोषी ठहराया गया था। इस फैसले के बाद पाकयोंग जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पारू रुचल ने कहा कि यह फैसला एक कड़ा संदेश देता है कि कानून सभी के साथ समान व्यवहार करता है और कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, यहां तक कि पुलिस कर्मी भी नहीं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल का कोई भी सदस्य जो नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों में शामिल पाया जाता है, उसे अन्य अपराधियों की तरह ही सख्त कानूनी नतीजों का सामना करना पड़ेगा।

# एनडीए ही लौटा सकता है बिहार का खोया गौरव :राजनाथ सिंह

### पटना में बोले राजनाथ, राजद कांग्रेस ने राज्य को पिछड़ेपन और अपराध की गर्त में धकेला

**कार्यकारिणी की बैठक**

**भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा में हर कोई कार्यकर्ता की भावना से काम करता है, चाहे वह किसी भी पद पर हो। यही हमारी पार्टी की मजबूती का आधार है और इसी का परिणाम है कि भाजपा आज पूरे विश्व में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हुई है।**

एजेंसी



बिहार चुनाव से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पटना के दौरे पर हैं। इस दौरान राजनाथ सिंह ने भाजपा कार्यकताओं में जोश फूंका और उनको जीत का मंत्र दिया। भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा में हर कोई कार्यकर्ता की भावना से काम करता है, चाहे वह किसी भी पद पर हो। यही हमारी पार्टी की मजबूती का आधार है और इसी का परिणाम है कि भाजपा आज पूरे विश्व में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हुई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह केवल एक संगठन की बैठक नहीं है, बल्कि उस संकल्प की पूर्ति के लिए एक संकल्प सभा है, जिसे हमें बिहार और भारत दोनों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए लेना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में दिखाया है कि भारत बदल सकता है और आगे बढ़ सकता है, बशर्ते नेतृत्व मजबूत हो, नीयत साफ हो, नीति स्पष्ट हो और राष्ट्रहित सर्वोपरि हो। हमें बिहार के हर निवासी के दिल में यही विश्वास जगाना है। राजनाथ ने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी जैसी पार्टियों का एक ही उद्देश्य है, सत्ता में बने रहना। जबकि भाजपा का उद्देश्य भारत के हर नागरिक के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है...ऐसी नीतियां बनाना है ।

**लालू यादव पर हमला**

**आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव के समाजवाद पर हमला करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि जो लोग गरीबों-शोषितों और वंचितों की बात करते थे, सत्ता में आने के बाद बदल गए. उन्होंने याद दिलाया कि लालू निजी तौर पर कपूरी ठाकुर के लिए किन शब्दों का इस्तेमाल करते थे, ये सब लोग जानते हैं. कपूरी ठाकुर जी जब विपक्ष के नेता थे और बहुत बीमार चल रहे थे लेकिन विधानसभा में हिस्सा लेने के लिए उन्हें मजबूरी से घर से निकलना पड़ा. कपूरी का जीवन अत्यंत सादा था. गाड़ी में उन्होंने अपने सहयोगी शिवानंद पासवान से कहा था कि लालू यादव से पूछो अगर संभव हो तो अपनी जीप से मुझे विधानसभा छोड़ दें लेकिन लालू ने तेल नहीं होने का बहाना बना दिया.**

**लोगों के दिल तक पहुंचना है हमें**

***रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बीजेपी की राज्य कार्यकारिणी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक संगठन की बैठक मात्र नहीं है बल्कि एक संकल्प सभा है, उस संकल्प की सिद्धि के लिए, जो बिहार और भारत दोनों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमें लेना है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बीते 11 वर्षों में यह सिद्ध किया है कि भारत बदल सकता है और भारत आगे बढ़ सकता है, बशर्ते नेतृत्व सुदृढ़ हो, नीयत साफ हो, नीति स्पष्ट हो और राष्ट्र-हित सर्वोपरि रखा जाएं. हमें यहीं विश्वास बिहार के हर निवासी के दिल तक पहुंचाना है.***

# हिमाचल में मानसून का कहर; मंडी में पांच लोगों की मौत, 16 लापता

### कई शहरों में अलर्ट जारी

**राज्य में मंगलवार को बादल फटने की 11 घटनाएं हुईं, जबकि अचानक बाढ़ की चार और बड़े भूस्खलन की एक घटना हुई। अधिकतर घटनाएं मंडी जिले में हुईं, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, बारिश के कारण राज्य में कुल 406 सड़कें बंद हैं, जिनमें से 248 अकेले मंडी जिले में हैं।**

एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई, पांच अन्य घायल हो गए और 16 व्यक्ति लापता हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राज्य में मंगलवार को बादल फटने की 11 घटनाएं हुईं, जबकि अचानक बाढ़ की चार और बड़े भूस्खलन की एक घटना हुई। अधिकतर घटनाएं मंडी जिले में हुईं, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। सोमवार शाम से मंडी में 253.8 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने बुधवार को तीन जिलों कांगड़ा, सोलन व सिरमौर और शनिवार को चार जिलों ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा व मंडी में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी स्तर की बारिश होने का अनुमान जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, बारिश के कारण राज्य में कुल 406 सड़कें बंद हैं, जिनमें से 248 अकेले मंडी जिले में हैं। मंडी में 994 ट्रांसफार्मर पर भी इसका असर पड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि 24 मकान, 12 पशुशालाएं, एक पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, 30 मवेशी मारे गए हैं तथा मंडी जिले में फंसे नौ लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं।



**बादल फटने से पटिकरी पावर प्रोजेक्ट तबाह, 16 लोगों ने भागकर जान बचाई थी**

**मंडी के पास सराज क्षेत्र में बादल फटने के बाद भारी बारिश से पटिकरी पावर प्रोजेक्ट पूरी तरह तबाह हो गया। घटना के वक्त इसमें 12 कर्मचारी काम कर रहे थे। सभी ने भागकर जान बचाई इस प्रोजेक्ट को 2023 में भी भारी नुकसान हुआ था। इसे देखते हुए पावर हाउस की सुरक्षा के लिए 6 मीटर ऊंची और 150 मीटर लंबी प्रोटेक्शन वॉल बनाई गई थी। मगर बादल फटने के बाद बाढ़ का पानी इसके ऊपर से बहकर आ गया।**

# चुनाव आयुक्त मिस्टर इंडिया क्यों बन गए हैं?

### सीईसी पर भड़के तेजस्वी यादव, लगाया बड़ा आरोप

एजेंसी

**राजद नेता ने आगे कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खुद चुनाव आयोग को पत्र लिखा है, लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। हमने सुना है कि वे गठबंधन के प्रतिनिधिमंडलों से नहीं मिलेंगे, बल्कि हर पार्टी से अलग-अलग मिलेंगे।**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता पुनरीक्षण के मामले पर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने फिर सवाल खड़े किए है। उन्होंने कहा कि हम लगातार अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ चुनाव आयोग से मिलने का अनुरोध करते रहे हैं। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस राज्य में चुनाव होने हैं, वहां अगर विपक्ष चुनाव आयोग से मिलना चाहता है तो चुनाव आयोग उन्हें मिलने का समय नहीं दे रहा है। हमने ऐसा पहले कभी नहीं देखा। ये लोग लोकतंत्र को खत्म करने पर तुले हुए हैं और चुनाव आयोग संविधान की धज्जियां उड़ाने पर तुला हुआ है। राजद नेता ने आगे कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खुद चुनाव आयोग को पत्र लिखा है, लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। हमने सुना है कि वे गठबंधन के प्रतिनिधिमंडलों से नहीं मिलेंगे, बल्कि हर पार्टी से अलग-अलग मिलेंगे। लेकिन क्यों? ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग मोदी का आयोग बन गया है। भाजपा और नीतीश कुमार इस मुद्दे पर चुप हैं। वे हार रहे हैं, इसलिए चुनाव आयोग पीछे से उनकी मदद कर रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि चुनाव आयोग ने (किसी राजनीतिक दल को) समय नहीं दिया हो। वे एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात करते हैं, लेकिन एक भी जगह चुनाव ठीक से नहीं होते, बेईमानी हो रही है। उनके पास हमारे सवालों का कोई जवाब नहीं है। इसलिए, वे हमें नहीं दे रहे हैं। चुनाव आयुक्त मिस्टर इंडिया क्यों बन गए हैं? तेजस्वी यादव ने कहा कि भविष्य में मोदी जी बिहार में राष्ट्रपति शासन लगा देंगे और पूरा प्रभार अपने हाथ में ले लेंगे। चुनाव आयोग कठपुतली बन गया है...यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है कि वोट का अधिकार छीना जा रहा है



# मेरे कपड़े उतारे, बाल खींचे....

### मनोजीत मिश्रा पर एक और छात्रा का आरोप

एजेंसी

कलकत्ता लॉ कॉलेज में एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना के कुछ ही दिनों बाद पश्चिम बंगाल में मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा के खिलाफ नए आरोप सामने आए हैं। एक अन्य छात्रा ने दावा किया है कि उसने दो साल पहले उसके साथ छेड़छाड़ की थी और उसे धमकाया था। एक निजी मीडिया से बात करते हुए महिला ने अक्टूबर 2023 में अपने साथ हुई भयावह घटना के बारे में बताया, जब वह कॉलेज के अन्य छात्रों के साथ एक सभा में शामिल हुई थी, जहां मोनोजीत भी मौजूद था। इस वक्त मोनोजीत मिश्रा अपने दो साथियों जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी के साथ दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के आरोप में पुलिस हिरासत में हैं। घटना को याद करते हुए, द्वितीय वर्ष की छात्रा ने आरोप लगाया कि टीएमसी के पूर्व युवा विंग के नेता मोनोजीत ने उस कमरे में जबरन प्रवेश किया, जहाँ वह अपने पिता से फोन पर बात कर रही थी, जबकि अन्य छात्र कार्यक्रम स्थल के दूसरे हिस्से में नाच रहे थे और मौज-मस्ती कर रहे थे।

# 5 साल तक कर्नाटक का सीएम बना रहूंगा

एजेंसी

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पांच साल का कार्यकाल पूरा करना चाहते हैं। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की संभावना के दावों के बीच सिद्धारमैया ने कहा, हां, मैं मुख्यमंत्री के तौर पर काम करना जारी रखूंगा। आपको संदेह क्यों है? उन्होंने भाजपा और जद (एस) पर यह दावा करने के लिए हमला किया कि राज्य में कांग्रेस में आंतरिक दरार है। उन्होंने पूछा, क्या वे कांग्रेस आलाकमान हैं? इससे पहले कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर कोई असंतोष नहीं है और जब सिद्धारमैया मुख्यमंत्री हैं तो नेतृत्व के मुद्दे पर किसी मतभेद की जरूरत नहीं है।




**नामांकन** — **अध्यक्ष चुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन**

# पश्चिम बंगाल में शमिक भट्टाचार्य को मिलेगी बीजेपी की कमान

एजेंसी



**सुकांत मजूमदार एक तरफ केंद्रीय राज्य मंत्री और दूसरी तरफ प्रदेश अध्यक्ष दोनों की जिम्मेदारी संभालते रहे हैं। खबर थी कि विधानसभा चुनाव से पहले नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जाएगी। लेकिन किसे जिम्मेदारी दी जाएगी, इस पर अटकलें लगाई जा रही थीं।**

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। उससे पहले क्या बंगाल बीजेपी की कमान शमिक भट्टाचार्य के हाथों में होगी? बुधवार दोपहर को यह संभावना और भी प्रबल हो गई। क्योंकि शमिक ने पश्चिम बंगाल बीजेपी का अध्यक्ष बनने के लिए एक और नामांकन दाखिल किया। प्रदेश अध्यक्ष बनने की दौड़ में कोई और शामिल नहीं हुआ। नतीजतन, किसी तरह यह तय हो गया कि शमिक ही प्रदेश भाजपा के अगले अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। हालांकि, कभी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे दिलीप घोष आज नामांकन केंद्र के आसपास भी नहीं दिखे। सुकांत मजूमदार एक तरफ केंद्रीय राज्य मंत्री और दूसरी तरफ प्रदेश अध्यक्ष दोनों की जिम्मेदारी संभालते रहे हैं। खबर थी कि विधानसभा चुनाव से पहले नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जाएगी। लेकिन किसे जिम्मेदारी दी जाएगी, इस पर अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि, अब यह साफ होता दिखाी दे रहा है। अग्निमित्रा पाल, लॉकेट चटर्जी से लेकर जगन्नाथ चटर्जी तक के नाम लगातार सामने आ रहे थे। कई लोगों को तो यहां तक उम्मीद थी कि आरएसएस की सिफारिश पर दिलीप को फिर से बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है। नामांकन ने बाद समिक भट्टाचार्य ने कहा कि अभी मेरे पास कहने को कुछ नहीं है। प्रक्रिया अभी भी चल रही है। यह अभी पूरी नहीं हुई है। पार्टी नेतृत्व ने मुझे नामांकन दाखिल करने को कहा और मैंने वैसा ही किया। परिणाम आना अभी बाकी है। भाजपा सूत्रों के अनुसार, पार्टी फिलहाल किसी भी तरह का मुकाबला नहीं चाहती है। इसीलिए भाजपा के अखिल भारतीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शमिक के साथ बैठक की। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद आज कोलकाता पहुंचे थे। ऐसी खबरें हैं कि आज रात या कल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर शमिक के नाम की आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

## सम्पादकीय

# जुंबा ने खड़ी कर दी कट्टरपंथियों की खाट, वोट बैंक के लिए राजनीतिक दलों की संकुचित राजनीति

केरल देश का सबसे प्रगतिशील राज्य माना जाता है। यह आर्थिक रूप से अपेक्षाकृत संपन्न है लेकिन इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यहां कट्टरता बढ़ रही है। भारत को इस्लामी देश बनाने का ख्वाब देखने वाला पीएफआइ यहीं फला-फूला और सबसे खूंखार आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट में भर्ती होने के लिए केरल से ही तमाम युवक गए। केरल की वामपंथी सरकार की इसके लिए सराहना होनी चाहिए कि उसने युवाओं को नशे से बचाने के लिए स्कूलों में जुंबा कराने के अपने फैसले पर कायम रहना तय किया। जुंबा नृत्य और संगीत आधारित एक एरोबिक गतिविधि है। इसे मनोरंजन के साथ-साथ सेहत और विशेष रूप से फिटनेस के लिए उपयुक्त माना जाता है। यह दुनिया भर में लोकप्रिय है। उपयोगिता सिद्ध होने के चलते ही उसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। यह आम धारणा है कि छात्रों और युवाओं को जुंबा के प्रति आकर्षित कर उन्हें नशे एवं अन्य हानिकारक प्रवृत्तियों से दूर रखा जा सकता है। दुनिया भर में युवाओं विशेष रूप से छात्रों को ड्रग्स से बचाने के लिए जो तमाम उपाय किए जाते हैं, उनमें से एक जुंबा भी है। इसे प्रचलित करने का श्रेय एक कोलंबियाई फिटनेस ट्रेनर अल्बर्टो “बैटो” पेरेज को जाता है। उन्होंने डांस और म्यूजिक के जरिये लोगों को फिटनेस की ट्रेनिंग देनी शुरू की। जब इस नए-अनोखे तरीके की लोकप्रियता बढ़ गई तो उन्होंने एक कंपनी बना ली। जुंबा की लोकप्रियता बढ़ने के साथ अलग-अलग देशों में उसे अपने यहां के गीत-संगीत पर आजमाना शुरू कर दिया गया। भारत में इसे बालीवुड फिल्मों के गानों के साथ भी किया जाता है। चाहें तो गूगल करके देखें और सुनें। इसे महिलाएं और बुजुर्ग भी करते हैं। इससे इन्कार नहीं कि हाल के वर्षों में भारत में छात्रों और युवाओं के बीच नशे का चलन बढ़ा है। पहले उत्तर पूर्व के राज्यों में बड़ी संख्या में युवा नशे का शिकार बने। इसके बाद पंजाब में और अब तो कई अन्य राज्यों में ड्रग्स लेने वाले छात्रों और अमीर-गरीब युवाओं की संख्या बढ़ रही है। रेव पार्टियां आम सी हो रही हैं। केरल में ड्रग्स की समस्या को देखते हुए ही मुख्यमंत्री पी. विजयन ने स्कूलों में जुंबा करने का फैसला लिया, लेकिन कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों को जुंबा में अश्लीलता और अनैतिकता दिख गई। कई मुस्लिम संगठनों ने स्कूलों में जुंबा कराने के केरल सरकार के फैसले का विरोध किया। किसी ने कहा कि लड़के-लड़कियां एक साथ डांस करेंगे। किसी ने कहा कि यह हमारी मजहबी मान्यताओं के खिलाफ है। ऐसा कहने वाले केरल के कुछ छात्र एवं युवा मुस्लिम संगठन भी हैं। केरल के जिन मुस्लिम संगठनों ने जुंबा को अश्लीलता आदि बढ़ाने वाला करार दिया, वे वही हैं जिन्हें योग भी रास नहीं आता।

## आज का विचार

दुनिया आपके उदाहरण
से बदलेगी
आपकी राय से नहीं

भारत संवाद




**मेष राशि:** करियर: करियर के लिहाज से दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. काम के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा तय करनी पड़ सकती है. बिजनेस: किसी नए व्यापार को शुरू करने का मन बना सकते हैं. ऐसे समय में हर पहलू पर नजर डाले और किसी जानकार से सलाह जरूर लें.

**वृषभ राशि :** करियर: नौकरीपेशा लोगों पर आज काम का दबाव बढ़ेगा. ऑफिस में मन अशांत भी रहेगा. ठंडे दिमाग से काम लें. बिजनेस: व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन मुनाफे से भरा रहने वाला है. हालांकि व्यवसायिक गतिविधियां धीमी रहेगी.

**मिथुन राशि:** करियर: नई नौकरी के अवसर मिल सकते हैं. करियर को लेकर उलझन है तो किसी से सलाह लेना फायदेमंद होगा. बिजनेस: व्यवसायिक से जुड़े लोगों को आज थोड़ा घाटा हो सकता है. हालांकि इससे आपके व्यापार पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा.

**कर्क राशि:** करियर: कामकाज के लिहाज से पूरा दिन व्यस्त रहने वाला है. हालांकि आज की मेहनत आपको भविष्य में काम देगी. बिजनेस: व्यापार के लिहाज से मांग बढ़ेगी. इसके साथ ही अन्य व्यापारियों से रिश्ते बढ़ेंगे. धन: निवेश के मामले में सोच-समझकर फैसले लें. ज्यादा लालच का चक्कर नुकसान करा सकता है.

**सिंह राशि:** करियर: नौकरी या करियर से जुड़ी किसी भी तरह के सवाल का जबाव पाने के लिए जानकार से सलाह जरूर लें. बिजनेस: आज के दिन आपको व्यापार में लाभ होगा. धन: धन के मामले में अच्छी खबर मिल सकती है. धन का आगमन होगा.

**कन्या राशि :** करियर: कार्यक्षेत्र पर काम का दबाव बढ़ेगा. हालांकि इस दौरान सहयोगियों का साथ मिलेगा.बिजनेस: व्यापार में मुनाफा होने के साथ ग्राहको की भीड़ भी रहेगी.धन: धन के मामले में फिजूलखर्ची से बचेंगे. किसी दोस्त से निवेश से संबंधित सलाह ले सकते हैं.

**तुला राशि:** करियर: कार्यक्षेत्र पर आपके काम से हर कोई प्रभावित रहेगा. इस दौरान दिखावा करने से बचें.बिजनेस: व्यापार में प्रतिद्वंदी का सामना करना पड़ सकता है. हालांकि मुनाफा भी कमा लेंगे.

**वृश्चिक राशि:** करियर: काम के दबाव के कारण पूरा दिन व्यस्त रहने वाला है. कार्यस्थल पर मानसिक तनाव भी रहेगा. बिजनेस: व्यापार में किसी भी तरह के फैसले जल्दबाजी में लेने से बचें. धन: परिवार के साथ शॉपिंग पर जा सकते हैं. इस दौरान काफी पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं.

**धनु राशि:** करियर: ऑफिस पर आपका प्रमोशन हो सकता है. कार्यक्षेत्र पर प्रमोशन होने के साथ नए दयित्व भी मिल सकते हैं. बिजनेस: बिजनेस में आज के दिन ग्राहकों से वाद-विवाद की स्थिति से बचें. धन: रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है. ये धन आपके लिए जरूरी हो सकता है.

**मकर राशि :** करियर: कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके हक में रहने वाली है. इस दौरान किसी के साथ गलत न करें. बिजनेस: व्यापार से जुड़े लोग नई प्रॉपर्टी खरीद सकते हैं. धन: किसी भी तरह के निवेश में जल्दबाजी से बचें.

**कुंभ राशि :** करियर: कार्यक्षेत्र पर किसी की वित्तीय सहायता कर सकते हैं. बिजनेस: व्यापार को बढ़ाने के लिए जानकारों से सलाह लेंगे. धन: फिजूलखर्ची से बचें और धन को बचत करने का तरीका ढूंढे.शिक्षा: विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा. इस दौरान आने वाले परिणाम आपके पक्ष में रहने वाले हैं.

**मीन राशि :** करियर: ऑफिस में काम के दौरान कई तरह की चीजों का सामना करना पड़ सकता है. बिजनेस: व्यापार में आगे बढ़ने के लिए आर्थिक वित्तीय की जरूरत पड़ेगी. धन: धन के मामले में आपको लाभ मिलेगा. इस दौरान किसी भी तरह के जोखिम भरे निवेश से दूर रहें.शिक्षा: छात्रों को आज अधिक मेहनत करने की जरूरत है. लव/पारिवारिक: प्यार के लिहाज से आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# कानून के दुरुपयोग की आदत, विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा मनमाने ढंग से इस्तेमाल थम नहीं रहा

> **इलाहाबाद उच्च न्यायालय की उक्त टिप्पणी यह बताने के लिए पर्याप्त है कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम का पुलिस-प्रशासन और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा मनमाने ढंग से प्रयोग किया जा रहा है। महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए देश में बनाए गए अन्य कानूनों का भी दुरुपयोग हो रहा है। इसी तरह और भी ऐसे कानून हैं जिनका समर्थ लोग अथवा भ्रष्ट अधिकारी दुरुपयोग करते हैं।**

पिछले बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने बीते दिनों (पूर्ववर्ती) भारतीय दंड संहिता-आइपीसी की धारा 498 ए के एक मामले में जांच के रवैये को लेकर महाराष्ट्र पुलिस को आड़े हाथों लिया। दहेज प्रताड़ना से जुड़ी इस धारा से संबंधित मामले में अदालत ने कहा, “पता चलता है कि पुलिस धारा 498 ए के तहत अपराध के मामले में उचित सावधानी नहीं बरत रही है। पुलिस कई बार प्रथम जांच रिपोर्ट के साथ जैसा व्यवहार करती है, वह गलत है और यह दुरुपयोग का एक उदाहरण है। इस प्रकार यह पुलिस अधिकारी कुछ पूर्व धारणाओं या पूर्वाग्रही मन से जांच को आगे बढ़ा रहे हैं, जो रवैया खतरनाक है।” पूर्वाग्रह भले ही एक सामान्य सा शब्द प्रतीत हो, परंतु इसका खामियाजा किसी भी निर्दोष को भुगतना पड़ सकता है। यह दुखद सत्य है कि पुलिस व्यवस्था में भी यह मानसिकता कायम है कि पुरुष की भूमिका सदैव शोषणकर्ता की होती है। इस पूर्वाग्रह का परिणाम यह होता है कि पुरुष के विरुद्ध अगर किसी महिला द्वारा आरोप लगाया जाता है तो जांच का केंद्र और दिशा पुरुष को अपराधी मानते हुए उसके इर्द-गिर्द ही घूमती है। निरंतर सामने आए ऐसे प्रकरणों के चलते शीर्ष अदालत ने 2014 में “अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य” मामले में धारा 498 ए के तहत गिरफ्तारी के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए। न्यायालय ने इस पर जोर दिया कि गिरफ्तारी आदर्श के बजाय अपवाद होनी चाहिए, खासकर सात साल से कम कारावास की सजा वाले अपराधों के लिए। उक्त



मामले में न्यायालय ने पुलिस को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41 के सिद्धांतों के पालन का निर्देश दिया और गिरफ्तारी पर विचार के लिए नौ-सूत्रीय चेकलिस्ट प्रदान की। मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया गया कि वे हिरासत को अधिकृत करने से पहले उसकी आवश्यकता का मूल्यांकन करें। निर्णय का उद्देश्य व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करते हुए कानून के दुरुपयोग को रोकना था। इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर पुलिस अधिकारियों और मजिस्ट्रेटों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है। हालांकि 2014 में ही ऐसी रिपोर्ट आई कि अर्नेश कुमार दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। मई 2021 में एमिकस क्यूरी (न्यायालय के निष्पक्ष सलाहकार) ने चिंता जताई कि मध्य प्रदेश पुलिस अर्नेश कुमार दिशानिर्देशों का पालन नहीं कर रही है। तब मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने पुलिस महानिदेशक को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि इन दिशानिर्देशों का पालन कराएं। जिन्हें इन दिशानिर्देशों का पालन किए बिना गिरफ्तार किया गया था उन्हें इन दिशानिर्देशों के उल्लंघन के आधार पर नियमित जमानत लेने की अनुमति दी गई। न्यायालय ने राज्य न्यायिक अकादमी से पुलिस अधिकारियों और न्यायिक मजिस्ट्रेटों को दिशानिर्देशों के बारे में शिक्षित करने का भी आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने “राकेश कुमार बनाम विजयंता आर्य डीसीपी और अन्य” के मामले में दिसंबर 2021 में एक पुलिस अधिकारी को अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थापित सिद्धांतों के उल्लंघन पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी पाया और एक दिन कारावास की सजा भी सुनाई। इसी तरह की कार्रवाई सुनीत कुमार और सैयद वाइज मियां, जेजे की खंडपीठ ने की और अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य (2014) 8 एससीसी 273 के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को जानबूझकर दरकिनार करने के लिए एक पुलिस अधिकारी को अवमानना का दोषी पाते हुए उसे 14 दिनों के साधारण कारावास की सजा सुनाई। विभिन्न अदालतों के ऐसे निर्णय बताते हैं कि न्यायिक व्यवस्था यह अपेक्षा करती है कि पुलिस संवेदनशीलता के साथ अर्नेश कुमार दिशानिर्देशों का पालन करें, परंतु हाल की बंबई उच्च न्यायालय की टिप्पणी दर्शाती है कि आज भी पुलिस व्यवस्था अपने पूर्वाग्रहों से मुक्त नहीं हो पा रही है। इसमें किंचित भी संदेह नहीं कि दहेज प्रताड़ना के मामलों में अनेक शिकायतें सही पाई जाती हैं, परंतु इसका यह भी तात्पर्य नहीं कि दहेज लेने के हर आरोप में सच्चाई हो। दहेज प्रतिषेध अधिनियम को तैयार करते समय उन हर संभव बिंदुओं को सम्मिलित किया गया जिससे दहेज लेने और देने की प्रथा पर लगाम लगे। दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 8बी (3) के तहत राज्य सरकार को जो शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अंतर्गत शिकायतों और अभियोजन के लिए विशेष प्रक्रिया का पालन किया जाए और दहेज प्रतिषेध अधिकारी को साक्ष्य एकत्र करने और अपराधी पर मुकदमा चलाने का अधिकार दिया जाए। उल्लेखनीय है कि “अंकित सिंह और अन्य तीन विपक्षी पक्ष बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य” के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 23 मई, 2024 को यह टिप्पणी की थी, “यह न्यायालय देख रहा है कि जिन मामलों में दहेज के आरोप लगाए जा रहे हैं, उनकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है, दहेज निषेध अधिकारी द्वारा नहीं। एक बार जब दहेज निषेध अधिकारी द्वारा यह तय कर दिया जाता है कि विवाह के पक्षकारों पर दहेज निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जाना चाहिए या नहीं, तो फिर पुलिस अधिकारी उपरोक्त विशेष प्रक्रिया और दहेज निषेध अधिकारी के अधिकार क्षेत्र को दरकिनार कर दूल्हे और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आरोपपत्र कैसे प्रस्तुत कर रहे हैं?” इलाहाबाद उच्च न्यायालय की उक्त टिप्पणी यह बताने के लिए पर्याप्त है कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम का पुलिस-प्रशासन और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा मनमाने ढंग से प्रयोग किया जा रहा है। महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए देश में बनाए गए अन्य कानूनों का भी दुरुपयोग हो रहा है। इसी तरह और भी ऐसे कानून हैं, जिनका समर्थ लोग अथवा भ्रष्ट अधिकारी दुरुपयोग करते हैं। कानूनों के दुरुपयोग की इस आदत के शिकार लोगों की गिनती करना कठिन है। इनमें से अधिकतर वे निर्धन और असहाय लोग हैं, जो उच्चतर न्यायालयों का दरवाजा नही खटखटा पाते।

# चिंतन मनन : साहित्य से संवेदना, सद्गति




**संजीव ठाकुर**

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतः साहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है। और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं, सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है, उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है, वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों, संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है। मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। अतः जीवन में और साहित्य के मध्य जितना आदान-प्रदान होगा, वहां साहित्य एवं जीवन जीवंत, संवेदनशील और प्रभाव शाली होगा।

मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है, और साहित्य जीवन में आशा, विश्वास एवं भविष्य की परिकल्पना उसे सुसज्जित रहता है। जीवन को एक नया दृष्टिकोण, एक नई दृष्टि और नया उजाला प्रदान करता है।

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें

**ललित गर्ग**

दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा। हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी में पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है। भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।

फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी।

# 16 साल के छात्र को ले जाती थी 5 स्टार होटल, शराब पिलाकर करती थी गंदा काम, लेडी टीचर अरेस्ट

**मुंबई के एक प्रमुख स्कूल की 40 वर्षीय महिला शिक्षिका को 16 साल के छात्र का बार-बार यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अंग्रेजी भाषा की शिक्षिका विवाहित है। वह नाबालिग छात्र को आलीशान होटलों में ले जाती थी, जहां उसने कथित तौर पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई: देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक बड़े स्कूल की 40 वर्षीय शिक्षिका को गिरफ्तार किया गया है। उस पर आरोप है कि उसने अपने ही 16 साल के छात्र का बार-बार यौन उत्पीड़न किया। पुलिस के अनुसार, शिक्षिका विवाहित है और छात्र को महंगे होटलों में ले जाकर उसका शोषण करती थी। यह मामला तब सामने आया जब छात्र के परिवार ने उसके व्यवहार में बदलाव देखा और शिक्षिका ने स्कूल छोड़ने के बाद भी उससे संपर्क करने की कोशिश की। पुलिस ने शिक्षिका और उसके दोस्त के खिलाफ एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों के तहत मामला दर्ज किया है। नाबालिग छात्र के लिए जुनूनी थी शिक्षिकापुलिस के एक अधिकारी ने इस घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी शिक्षिका अंग्रेजी की टीचर है। वह नाबालिग छात्र को आलीशान होटलों में ले जाती थी। वहां उसने उसके साथ गलत काम किया। पुलिस के अनुसार, महिला को पिछले हफ्ते हिरासत में लिया गया था। वह नाबालिग छात्र को लेकर इतनी ज्यादा जुनूनी थी कि उसने स्कूल से पास होने के बाद भी उससे संपर्क करने की कोशिश की।

# मराठी नहीं बोलने पर थप्पड़ मामले ने पकड़ा तूल, संजय निरुपम की फडणवीस से कड़े एक्शन की मांग

**मुंबई की मीरा रोड पर मराठी नहीं बोल पाने पर एक गुजरात के बिजनेसमैन की पिटाई के मामले ने तूल पकड़ लिया है। एकनाथ शिंदे की पार्टी के नेता संजय निरुपम ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री फडणवीस से कार्रवाई की मांग की है। निरुपम ने कहा है कि कार्रवाई नहीं हुई तो गैर मराठी भारी खतरे में आ जाएंगे।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई: महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी अनिवार्यता को लेकर जहां विपक्ष और सरकार के बीच घमासान जारी है तो वहीं दूसरी ओर मुंबई की मीरा रोड पर एक गुजराती बिजनेसमैन की पिटाई के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले पर मीरा भाईंदर पुलिस की भी एक्शन में आई है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के द्वारा मनसे कार्यकताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, तो वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। इसकी जद में एकनाथ शिंदे की पार्टी के नेता संजय निरुपम भी आ गए हैं।

### फडणवीस से कड़े एक्शन की मांग

संजय निरुपम ने एक्स पर लिखा था कि महाराष्ट्र में रहनेवाले सभी लोगों को मराठी में संवाद करना चाहिए। यह आग्रह उचित है, परंतु इसके लिए गुंडागर्दी और मारपीट सर्वथा अनुचित है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ऐसी घटनाओं का संज्ञान लें और सख्त कार्रवाई करें। वरना बीएमसी चुनाव तक मुंबई और आसपास के इलाकों में रहने वाले गरीब और कमजोर गैर मराठी भाषी लोगों की सुरक्षा लगातार खतरे में रहेगी। कृपया इसकी गंभीरता को समझें और कड़ा एक्शन लेने का आदेश जारी करें। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोगो ने निरुपम को घेर लिया था। कुछ यूजर्स ने लिखा था कि सत्ताधारी दल के नेता होने के बाद आग्रह तक सीमित मत रहिए। इस मामले में कार्रवाई करवाएं, हालांकि इस मामले के तूल पकड़ने के बाद मीरा भाईंदर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### महाराष्ट्र में गरमाया है मराठी मुद्दा

राज्य में यह पूरा मामला ऐसे वक्त पर चर्चा का विषय बना है जब मनसे चीफ और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे राज्य में हिंदी अनिवार्यता का आदेश वापस होने पर मराठी विजय दिवस मनाने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। दोनों भाईयों ने 5 जुलाई को वर्ली में एक बड़ा कार्यक्रम रखा है। इसके लिए आम लोगों को दोनों भाईयों की तरफ से संयुक्त निमंत्रण भी भेजा गया है। मनसे के द्वारा इससे पहले भी मुंबई में गैर मराठी भाषी लोगों को निशाना बनाया जा चुका है। इस मामले ने ज्यादा तूल पकड़ लिया है।

फास्ट ट्रैक

## मध्य रेल यात्रियों की मांग पर सोलापुर मंडल के माध्यम से दौंड-कलबुरगि विशेष ट्रेनों को अतिरिक्त 180 फेरों के लिए जारी रखेगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

यात्रियों की मांग पर मध्य रेलवे ने मध्य रेलवे के सोलापुर डिवीजन के माध्यम से दौंड-कलबुरगि के बीच 180 विशेष ट्रेन सेवाओं को जारी रखने का निर्णय लिया है। विवरण इस प्रकार है:

दौंड-कलबुरगि सप्ताह में 5 दिन अनारक्षित स्पेशल (128 ट्रिप)

- ट्रेन संख्या 01421/01422 दौंड-कलबुरगि अनारक्षित दैनिक स्पेशल जो 02.07.2025 तक सप्ताह में 5 दिन (गुरुवार और रविवार को छोड़कर) चलने के लिए अधिसूचित की गई है, अब 30.09.2025 तक चलती रहेगी।

दौंड-कलबुरगि द्वि-साप्ताहिक अनारक्षित स्पेशल (52 ट्रिप) - ट्रेन संख्या 01425/01426 दौंड-कलबुरगि अनारक्षित दैनिक स्पेशल, जो 29.06.2025 तक प्रत्येक गुरुवार और रविवार को चलने के लिए अधिसूचित की गई थी, अब 28.09.2025 तक चलती रहेगी। उपर्युक्त ट्रेनों के समय, संरचना और ठहराव में कोई बदलाव नहीं होगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे असुविधा से बचने के लिए वैध टिकट के साथ यात्रा करें। अनारक्षित कोचों की बुकिंग स्टेशनों पर बुकिंग काउंटर और यूटीएस ऐप के माध्यम से भी की जा सकती है। इन विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## भुसावल मंडल रेल प्रबंधक द्वारा पारस, मूर्तिजापुर और अमरावती स्टेशनों का निरीक्षण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मंडल रेल प्रबंधक, भुसावल द्वारा दिनांक 02 जुलाई 2025 को भुसावल मंडल के अंतर्गत पारस, मूर्तिजापुर और अमरावती स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने भुसावल-पारस खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रेल संचालन की स्थिति का जायजा लिया। पारस स्टेशन पर चल रहे स्टेशन विकास कार्यों का व्यापक निरीक्षण करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने पैनल रूम, गुड्स शेड तथा यात्री सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा बेहतर रेल सेवाएं और बुनियादी ढांचे की दिशा में ठोस कदम उठाने का आश्वासन दियाइसके पश्चात, उन्होंने मूर्तिजापुर स्टेशन, मूर्तिजापुर यार्ड के टीडब्ल्यूएस (Track Warning System) पॉइंट तथा अमरावती स्टेशन का भी गहन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बुनियादी ढांचे की तत्परता, सुरक्षा मानकों की अनुपालना और परिचालन की दक्षता सुनिश्चित करना रहा। मंडल रेल प्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए और कहा कि यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा में निरंतर सुधार हेतु लगातार निगरानी और समयबद्ध क्रियान्वयन आवश्यक है।

# भविष्य में भी त्रि-भाषा नीति स्वीकार नहीं करेंगे : संजय राउत

**दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आगामी बैठक और इससे भारतीय जनता पार्टी को क्या लाभ होगा, इस बारे में पूछे जाने पर राउत ने दावा किया, आरएसएस और भाजपा भाई की तरह हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



महाराष्ट्र सरकार द्वारा त्रि-नीति लागू करने का आदेश वापस लेने के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने बुधवार को कहा कि वे भविष्य में भी ऐसी नीति को स्वीकार नहीं करेंगे। महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक हिंदी को शामिल करने के खिलाफ बढ़ते विरोध के बीच रविवार को राज्य सरकार ने त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश को वापस ले लिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसके बाद नीति के कार्यान्वयन और आगे की राह सुझाने के लिए शिक्षाविद् नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता में एक समिति के गठन की भी घोषणा की। राउत ने यहां पत्रकारों से बातचीत में दावा किया, फडणवीस को समितियां और विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का शौक है लेकिन वह करते कुछ नहीं। उन्होंने कहा, जाधव सम्मानित अर्थशास्त्री हैं, लेकिन इस समिति की अब कोई प्रासंगिकता नहीं है। हम भविष्य में भी त्रि-नीति को स्वीकार नहीं करेंगे। आदेश वापस लिए जाने के बाद शिवसेना (उबाठा) और राज ठाकरे नीत महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) द्वारा पांच जुलाई को मुंबई में संयुक्त रूप से मराठी विजय दिवस आयोजित करने की योजना पर राज्यसभा सदस्य ने कहा कि दोनों पार्टियों के नेता चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने प्रमुख नेताओं और जनता को आमंत्रित किया है। सरकारी आदेश रद्द होने की सफलता मराठी लोगों की है। हम केवल आयोजक हैं। यहां तक कि मनसे प्रमुख राज ठाकरे और हमारे नेता उद्धव ठाकरे से भी सलाह ली गई है। राउत ने कहा, बहुत कम वक्त बचा है। हम व्यक्तिगत रूप से सभी को आमंत्रित नहीं कर सकते हैं। उन्होंने फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसने पैसे, धमकियों, ईडी, सीबीआई और निर्वाचन आयोग का इस्तेमाल करके शिवसेना और राकांपा को विभाजित कर दिया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा और उस पर भारत में आतंकवादी गतिविधियों में पाकिस्तान का हाथ होने की बात साबित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आगामी बैठक और इससे भारतीय जनता पार्टी को क्या लाभ होगा, इस बारे में पूछे जाने पर राउत ने दावा किया, आरएसएस और भाजपा भाई की तरह हैं। अगर आरएसएस चाहे तो वह भाजपा को सबक सिखा सकती है। आज भाजपा की ताकत आरएसएस कार्यकताओं के प्रयासों के कारण है।

# मुंबई में 5 जुलाई को गरजेंगे राज-उद्धव ठाकरे, मराठी विजय दिवस के लिए दोनों भाईयों ने जारी किया निमंत्रण

**महाराष्ट्र में हिंदी की अनिवार्यता के मुद्दे महायुति सरकार को पीछे धकेलने के बाद अब राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे पांच जुलाई को मुंबई में विजय रैली करेंगे। इसके लिए वर्ली डोम सभागृह में जोरदार तैयारियां की गई हैं। ठाकरे बंधुओं ने लोगों को संयुक्त निमंत्रण जारी किया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई: महाराष्ट्र में हिंदी अनिवार्यता के मुद्दे पर महायुति सरकार को पीछे धकेलने के बाद अब सभी की नजरें राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे की संयुक्त रैली पर टिक गई हैं। शिवसेना यूबीटी ने इसे मराठी विजय दिवस के तौर पर मनाने का ऐलान कर दिया है। मुंबई के वर्ली डोम डोम सभागार में भव्य तैयारियां की जा रही हैं। पहले पांच जुलाई को यह कार्यक्रम हिंदी अनिवार्यता के खिलाफ आंदोलन के लिए रखा गया था लेकिन देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली सरकार ने मानसून सत्र से ठीक एक दिन पहले रविवार (29 जून) को स्कूलों में त्रि-भाषा नीति के सम्बन्ध में दिए गए आदेश को वापस ले लिया था। इसके बाद उद्धव ठाकरे ने इस कार्यक्रम को यथावत रखते हुए इसे विजय रैली का नाम दे दिया था। इस विजय रैली के लिए दोनों ठाकरे भाईयों की तरफ से संयुक्त निमंत्रण भेजा गया है। मराठी विजय दिवस का कार्यक्रम एनएससीआई डोम में 5 जुलाई को सुबह 10 बजे शुरू होगा। इसमें कुछ विपक्षी दलों के नेता भी पहुंच सकते हैं, हालांकि पुलिस ने भी तक इस कार्यक्रम को अनुमति नहीं दी है। निमंत्रण पत्र में क्या लिखा गया संदेश ?'मराठीचा आवाजङ्क नामक संयुक्त निमंत्रण पत्र ठाकरे बंधुओं की के कार्यक्रम की पहली आधिकारिक घोषणा है। इसमें किसी पार्टी का चिह्न या ध्वज नहीं है, सिर्फ राज्य की एक ग्राफिक छवि है। इसमें आयोजक के रूप में उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे के नाम हैं। इस निमंत्रण को 'मराठी बहनों और भाइयों से संबोधित किया गया है। शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे भी अपने भाषण की शुरूआत मराठी बहनों और भाइयों से करते थे। इसमें लिखा गया है कि 'आवाज मराठी का, मराठी माताओं, बहनों और भाइयों, क्या आपने सरकार को झुकाया? हां, आपने झुकाया और किसने झुकाया? तो वह आप ही थे। आप मराठी लोगों ने सरकार को झुकाया। हम तो सिर्फ आपकी तरफ से संघर्ष कर रहे थे। इसलिए खुशी का उत्सव मनाते समय भी हम केवल इस सभा के आयोजक है। बाकी उत्सव तो आपको मनाना है। नाचते-गाते हुए आइए, उत्साह और गुलाल उड़ाते हुए आइए। हम आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस संदेश के नीचे लिखा गया है कि आपके विनम्र राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे। क्या आगे भी दोनों भाई रहेंगे साथ ?हिंदी अनिवार्यता के मुद्दे पर दोनों भाईयों के एक मंच पर आने के बाद अब अटकलें लग रही है कि दोनों भाई क्या आगे भी साथ में रहेंगे। क्योंकि एक लंबे अर्से के बाद दोनों भाई एक मंच पर होंगे।

# भुसावल मंडल में मंडल रेलवे अस्पताल हेतु पहली बार 24/7 एम्बुलेंस सेवा की शुरूआत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



भुसावल मंडल में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन और समर्थन से, मध्य रेलवे के भुसावल मंडल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंडल रेलवे अस्पताल, भुसावल में पहली बार 24७7 (चोबीसों घंटे) एम्बुलेंस सेवा शुरू की है।

इस पहल के अंतर्गत, दो पूर्णतः सुसज्जित फोर्स ट्रैवेलर एम्बुलेंस तैनात की गई हैं जो निरंतर मेडिकल ट्रांसपोर्ट सेवा प्रदान करेंगी। इन एम्बुलेंस में वातानुकूलन प्रणाली, व्हीलचेयर-सक्षम स्ट्रेचर, और ऑक्सीजन सपोर्ट जैसी आवश्यक आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों को यात्रा के दौरान भी प्राथमिक चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। ये एम्बुलेंस मंडल रेलवे अस्पताल, भुसावल में 24७7 उपलब्ध रहेंगी और रेलवे कर्मचारियों, उनके आश्रितों तथा रेलवे चिकित्सा सेवा के लाभार्थियों की आपातकालीन चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए तत्पर रहेंगी। यह सुविधा भुसावल मंडल में स्वास्थ्य सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में एक अहम पहल है, जिससे सुनिश्चित होगा कि किसी भी समय तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके, और आपात स्थितियों में समय पर उपचार मिलने से जीवन रक्षा और बेहतर परिणाम संभव हो सकें। इसके अतिरिक्त, मंडल में चिकित्सीय संसाधनों के संतुलित वितरण को ध्यान में रखते हुए, भुसावल अस्पताल में पहले से उपलब्ध इन-हाउस एम्बुलेंस को अब मनमाड स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित किया गया है। यह स्थानांतरण मनमाड के कर्मचारियों और रोगियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है और इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में सहायक होगा। इन एम्बुलेंस की शुरूआत से भुसावल मंडल की चिकित्सा पायाभूत संरचना को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है, जो कर्मचारियों और उनके परिवारों को कुशल, सक्रिय और समयबद्ध चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। इन उन्नत सुविधाओं के साथ, मंडल अपने कर्मियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराता है।

# पश्चिम रेलवे द्वारा दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का पाचोरा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 09079/09080 और ट्रेन संख्या 09081/09082 उधना-मिरज आषाढ़ी एकादशी स्पेशल को पाचोरा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विवरण निम्नानुसार हैः-

1. 04 जुलाई, 2025 को उधना से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09079 उधना-मिरज स्पेशल को पाचोरा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 16.43 बजे पाचोरा स्टेशन पहुंचेगी और 16.45 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, 05 जुलाई, 2025 को मिरज स्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09080 मिरज-उधना स्पेशल को पाचोरा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 22.28 बजे पाचोरा स्टेशन पहुंचेगी और 22.30 बजे प्रस्थान करेगी।

2. 05 जुलाई, 2025 को उधना से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09081 उधना-मिरज स्पेशल को पाचोरा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 16.43 बजे पाचोरा स्टेशन पहुंचेगी और 16.45 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, 06 जुलाई, 2025 को मिरज स्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09082 मिरज-उधना स्पेशल को पाचोरा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 22.28 बजे पाचोरा स्टेशन पहुंचेगी और 22.30 बजे प्रस्थान करेगी।

ट्रेनों से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.inल पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# मुंबई और पुणे से घरेलू हवाई यात्रा पैकेज-श्रावण विशेष ज्योतिर्लिंग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) भारत सरकार के रेल मंत्रालय के तहत एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। यह ऑनलाइन रेलवे टिकट बुकिंग, खानपान, पर्यटन, रेल नीर और आतिथ्य सेवाओं सहित कई तरह की सेवाएँ प्रदान करता है। भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम का उद्देश्य भारत भर में यात्रा को हर यात्री के लिए अधिक सुविधाजनक, आनंददायक और किफायती बनाना है। भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) - पश्चिम क्षेत्र अपने श्रावण विशेष आध्यात्मिक पर्यटन की शुरूआत की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है, जो भक्तों को श्रावण के शुभ महीने के दौरान पवित्र ज्योतिर्लिंगों की आत्मा को समृद्ध करने वाली यात्रा पर निकलने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

श्री गौरव झा समूह महाप्रबंधक, पश्चिम क्षेत्र मुंबई ने कहा कि यात्राएँ मुंबई और पुणे से शुरू होंगी, जिसमें द्वारका-सोमनाथ, महाकालेश्वर - ओंकारेश्वर; काशी विश्वनाथ - बैद्यनाथ जैसे प्रतिष्ठित आध्यात्मिक स्थलों की एक क्यूरेटेड यात्रा शामिल होगी, जिससे यात्रियों को ज्योतिर्लिंगों के दिव्य आशीर्वाद का अनुभव करने का मौका मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और बजट-अनुकूल तीर्थयात्रा अनुभव प्रदान करके बढ़ते आध्यात्मिक पर्यटन खंड को पूरा करना है। प्रत्येक यात्रा को श्रावण के धार्मिक महत्व के साथ संरेखित करने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है - हिंदू कैलेंडर में एक पवित्र महीना जो भक्ति, अनुष्ठान और आध्यात्मिक पालन के लिए जाना जाता है।

### द्वारका और सोमनाथ यात्राएँ:

यात्रा तिथिः मुंबई से 31.07.25 और 14.08.25 पुणे से 10.08.25 को अवधिः 3 रातें और 4 दिन,

पैकेज लागतः ट्विन शेयरिंग के आधार पर प्रति व्यक्ति 26700 रुपये 1.

महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर यात्रा

यात्रा तिथिः मुंबई और पुणे से दिनांक 14.08.25 को अवधिः 3 रातें और 4 दिन

पैकेज लागतः ट्विन शेयरिंग के आधार पर प्रति व्यक्ति 28500 रुपये।

काशी विश्वनाथ और बैद्यनाथ यात्रा।

यात्रा तिथिः मुंबई से दिनांक 7.08.25 को अवधिः 2 रातें और 3 दिन

पैकेज लागतः ट्विन शेयरिंग के आधार पर प्रति व्यक्ति 28000 रुपये।

माना जाता है कि ज्योतिर्लिंग भगवान शिव के स्वयंभू रूप हैं, और उनकी दिव्य ऊर्जा के शक्तिशाली केंद्र माने जाते हैं। श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है और इस दौरान ज्योतिर्लिंगों की पूजा करने से ग्रह दोषों (ग्रहों के बुरे प्रभाव) और नकारात्मक कर्मों को दूर करने में मदद मिलती है। ये पैकेज बहुत अच्छी तरह से डिजाइन किए गए हैं, किफायती हैं और इनमें वापसी की फ्लाइट टिकट, सभी स्थानान्तरण और दर्शनीय स्थल, भोजन*, प्रवेश शुल्क*, आवास, यात्रा बीमा और जीएसटी शामिल हैं।

आईआरसीटीसी श्रावण स्पेशल डोमेस्टिक एयर पैकेज के लिए बुकिंग अब शुरू हो गई है। ग्राहक उपलब्ध पैकेज, मूल्य निर्धारण और बुकिंग प्रक्रियाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक IRCTC वेबसाइट www. irctctourism. com पर जा सकते हैं या पश्चिम क्षेत्र मुंबई कार्यालय 8287931886 (व्हाट्सएप या एसएमएस) से संपर्क कर सकते हैं।

# पमरे ने तीन माह में 2114 कोचों/वैगनों की मरम्मत की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर । पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कोचों/वैगनों का पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है।? दोनों कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में अनुरक्षण डिपो में चालू वित्तीय वर्ष के तीन माह में कोचों/वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया है। चालू वित्तीय वर्ष के तीन माह में सीआरडब्लूएस/भोपाल एवं डब्लूआरएस/कोटा दोनों कारखानों में कुल 2114 कोचों/वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया, जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 299 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 1815 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया। अकेले जून माह की बात करे तो सीआरडब्लूएस/भोपाल एवं डब्लूआरएस/कोटा दोनों कारखानों में कुल 710 कोचों/वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया, जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 100 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 610 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया।

पिरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) के दौरान निम्न कार्य किये जाते हैं :-

कोच और वैगन के बॉडी और अंडर गियर की मरम्मत की जाती है, जिससे परिचालन में सरंक्षा सुनिश्चित की जा सके। कोचों और वैगनों के नीचे ट्रॉली, बोगी के सभी पार्ट्स की मरम्मत की जाती है, जो सरंक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। एयर ब्रेक सिस्टम के सभी पार्ट एवं वैगनों और कोचों के दोनों ओर के बफर की मरम्मत की जाती है जिससे सरंक्षा में बढ़ोत्तरी एवं जर्क फ्री राइडिंग का अनुभव होता है। व्हील और एक्सल की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाता है, जिससे सुरक्षा में इजाफा होता है।

# परिवहन संघों के विभिन्न मुद्दों पर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , परिवहन संघों की विभिन्न मांगों को लेकर परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक की अध्यक्षता में आज विधान भवन, मुंबई में बैठक हुई। जिसमें जल्द ही ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया गया है। इस बैठक में राज्य मंत्री (गृह) माननीय श्री योगेश कदम उपस्थित थे। वर्तमान में, मुंबई शहर में प्रतिदिन 10,000 से अधिक निजी परिवहन बसें चल रही हैं। इन बसों की पार्किंग का मुद्दा महत्वपूर्ण है और इससे संबंधित सुविधाओं जैसे प्रवेश और उतरने के स्टॉप में आवश्यक बदलाव करना आवश्यक है। राज्य मंत्री योगेश कदम ने इस बैठक में यह भी कहा कि परिवहन पार्किंग हब के निर्माण के लिए आवश्यक स्थान का निर्धारण करने के लिए जल्द से जल्द गृह, शहरी विकास और परिवहन विभागों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने इस बैठक में यह भी उल्लेख किया कि शहर की योजना में परिवहन पार्किंग हब के लिए आरक्षित स्थान प्रदान किया जाना चाहिए। अतिरिक्त आयुक्त (गृह) इकबाल सिंह चहल, परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार पुलिस महानिरीक्षक (यातायात) प्रवीण सालुंखे, मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) अनिल कुंभारे, पुलिस अधीक्षक (राजमार्ग पुलिस) सुनील भारद्वाज और विभिन्न ट्रांसपोर्टर संघों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। शहर में परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाना और निजी बस परिवहन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार करना सरकार का प्राथमिक उद्देश्य है और इस दिशा में जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर राज्य मंत्री योगेश कदम ने भी यह बात कही

# बदलापुर में बिजली और पानी की समस्या को लेकर सत्तासीन शिवसेना ने निकाला जन आक्रोष मोर्चा।

## विद्युत महावितरण, मजीप्रा और नपा अधिकारी संयुक्त रूप से मिलकर जनता की समस्याओं को दूर करें- वामन महात्रे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बदलापुर. मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली और पानी की समस्या बदलापुर में इतनी अस्तव्यस्त है कि इससे त्रस्त होकर सत्ता में सहभागिता रखने वाली शिवसेना भी विद्युत महावितरण प्रणाली और महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण की दूषित और अव्यवस्थित कार्यप्रणाली के विरोध में सड़कों पर उतर आई है। बुधवार 2 जुलाई को बदलापुर में शिवसेना शहर प्रमुख वामन महात्रे के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।शिवसेना कार्यकर्ताओं ने महावितरण और मजीप्रा की ढुलमुल और दोषपूर्ण कार्यप्रणाली के खिलाफ सड़कों पर मटके फोड़कर विरोध दर्ज कराया और चेतावनी दी है कि यदि बिजली और पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल नहीं हुई तो वे महावितरण और मजीप्रा के संबंधित अधिकारियों को घर भेजने की व्यवस्था करेंगे।

शिवसेना शहर प्रमुख वामन म्हात्रे के नेतृत्व में आयोजित इस मार्च में पूर्व नगरसेवक श्रीधर पाटिल, अरुण सुरवाल, तुकाराम म्हात्रे, अविनाश मोरे, चेतन धुले, सोनिया धामढेरे, वृषाली गोगावले आदि शिवसेना पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। मार्च बदलापुर पश्चिम के रमेशवाड़ी से शुरू हुआ। प्रदर्शन में विशेषकर महिला कार्यकताओं ने बर्तन,कड़ाही व तख्तियां जोरदार नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन मार्च में बाजार से होते हुए महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण कार्यालय पहुंचा। यहां शिवसेना शहर प्रमुख वामन म्हात्रे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के उप कार्यकारी अभियंता सुरेश खादरी, महावितरण के कार्यकारी अभियंता आनंद काटकर व उप कार्यकारी अभियंता सुरेश सुरडकर आदि से बदलापुर में चल रही बिजली व पानी की समस्या के बारे में पूछताछ की। वामन म्हात्रे ने कहा कि महावितरण, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण और कुलगांव बदलापुर नगर परिषद के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें। वामन म्हात्रे ने कहा कि संबंधित अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि उक्त समस्याओं का समाधान तत्काल किया जाएगा। यदि उनके द्वारा यह नहीं किया जाता है तो वे उन अधिकारियों को घर भेजने की व्यवस्था करेंगे। पूर्व में इसी तरह का आंदोलन सत्तासीन भाजपा द्वारा भी किया गया था।

फास्ट ट्रैक

# शाहजहांपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

## 100 जोड़ों का विवाह संपन्न, राज्यसभा सांसद और विधायक ने दिया आशीर्वाद

शाहजहांपुर, निगोही में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 100 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। तिलहर विधानसभा क्षेत्र के निगोही में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार और एमएलसी सुधीर गुप्ता ने शिरकत की। जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा और जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद भविष्य की कामना की। विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों के परिजनों के चेहरे खुशी से खिले हुए थे। इस अवसर पर तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा ने उपस्थित लोगों को भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया।



# सरकारी राशन के अवैध बिक्री का खुलासा

## एसडीएम ने बिना कागजात की 60 बोरी चावल से भरी पिकअप पकड़ी

शाहजहांपुर , जलालाबाद में एक बड़ी कार्रवाई में अवैध चावल की तस्करी का मामला सामने आया है। एसडीएम प्रभात राय ने याकूबपुर तिराहे के पास से एक पिकअप वाहन को पकड़ा, जिसमें 60 बोरी चावल लदा हुआ था। पिकअप चालक की पहचान अल्लाहगंज के मोहल्ला नौसरा निवासी आलोक के रूप में हुई, जो राम सरन का पुत्र है। वह यह चावल तिलहर में बेचने जा रहा था।



जांच में पाया गया कि उसके पास चावल से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं थे। एसडीएम ने पकड़े गए चावल को मंडी समिति के गोदाम में रखवा दिया है। उन्होंने पूर्ति निरीक्षक आर एन मौर्य को इस मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्र में सरकारी राशन के चावल की अवैध खरीद-बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही है। कुछ लोगों ने दिखावे के लिए मिनी राइस मिल लगा रखी हैं, जहां धान से चावल नहीं बनाया जाता। जलालाबाद तहसील के आसपास के गांवों जैसे मिजार्पुर, ब्लॉक कलान और तहसील क्षेत्र से सरकारी राशन का चावल खरीदकर, बंद पड़ी राइस मिलों के फर्जी कागजात बनाकर बाहर भेजा जा रहा है। एसडीएम प्रभात राय ने पुष्टि की है कि पकड़ा गया चावल सरकारी राशन का है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाही की जाएगी।

# जून के वेतन के साथ मनपा कर्मचारियों को मिला 60 हजार यात्रा भत्ता

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , मनपा कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक में विधायक संजय केलकर द्वारा की गई चर्चा के अनुसार कई समस्याओं का समाधान हुआ है। लगभग साढ़े पांच हजार कर्मचारियों को जून के वेतन के साथ यात्रा भत्ते में 60 हजार रुपए का अंतर मिलने से खुशी का माहौल है। 2 जनवरी 2025 को स्थायी समिति हॉल में आयोजित बैठक में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी दिलीप सूर्यवंशी, उपायुक्त (मुख्यालय) जी.जी. गोदेपुरे, उपायुक्त (स्वास्थ्य विभाग) उमेश बिरारी, उपायुक्त (सुरक्षा विभाग) सचिन सांगले और कार्मिक अधिकारी दयानंद गुंडप उपस्थित थे। इस बैठक में विधायक संजय केलकर ने मनपा के अधिकारियों और कर्मचारियों को यात्रा भत्ते में अंतर की राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए थे। संबंधित अधिकारियों ने कहा था कि निधि की उपलब्धता के अनुसार भत्ते में अंतर की राशि देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस संबंध में केलकर द्वारा लगातार फॉलोअप करने के बाद जून माह के वेतन के साथ अंतर की राशि भी अधिकारियों व कर्मचारियों को दे दी गई। करीब साढ़े पांच हजार कर्मचारियों को 60-60 हजार रुपए की राशि मिलने से मनपा क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। बैठक में परिवहन भत्ते में अंतर, सातवें वेतन आयोग की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्तों में अंतर, साथ ही 2016 के बाद कर्मचारियों के सातवें वेतन आयोग में अंतर की किस्तों का भुगतान, पांच वर्षों से विलंबित, डी श्रेणी की पदोन्नति, पीएफ डीसीपीएस रसीद जारी करना, 10,20,30 वर्षों तक सेवा दे चुके अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित प्रगति योजना लागू करना, विरासत लाभार्थियों की नियुक्ति करना, ए.एन.एम. मिडवाइफ के पद पर पदोन्नति के साथ ही वेतन संबंधी त्रुटियों, संविदा कर्मचारियों को सेवा में बनाए रखना सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई तथा केलकर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के बाद भी इन मुद्दों के समाधान के लिए केलकर द्वारा लगातार अनुवर्ती कार्रवाई किए जाने से कर्मचारियों को राहत मिली है। इन सुझावों पर चरणबद्ध तरीके से अमल किया जा रहा है।

# मनपा की पातलीपाड़ा जैविक खेती परियोजना नागरिकों के लिए खुली

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , मनपा क्षेत्र के पातलीपाड़ा में जैविक खेती परियोजना को कृषि दिवस के अवसर पर आम जनता के लिए खोल दिया गया है। इस परियोजना का कार्य अप्रैल-2025 में मनपा के उद्यान विभाग और वृक्ष प्राधिकरण द्वारा शुरू किया गया था। फरवरी में ठाणे मनपा द्वारा आयोजित वृक्षावल्ली प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे मनपा को नागरिकों के लिए एक आदर्श के रूप में जैविक खेती परियोजना स्थापित करने का निर्देश दिया था। आयुक्त सौरभ राव के मार्गदर्शन में उद्यान विभाग ने पातलीपाड़ा में लगभग डेढ़ एकड़ क्षेत्र में यह परियोजना विकसित की है। इस परियोजना का काम अप्रैल-2025 में शुरू हुआ था। महाराष्ट्र कृषि दिवस के अवसर पर इसका अनौपचारिक उद्घाटन किया गया। उद्यान अधीक्षक केदार पाटिल ने बताया कि अब यह परियोजना सभी नागरिकों के लिए खुली है। इस परियोजना का पूरा प्रबंधन उद्यान विभाग द्वारा किया जा रहा है। जैविक खेती परियोजना के माध्यम से छात्रों और नागरिकों को प्राकृतिक खेती, फसलों, सब्जियों, फलों के पेड़ों, जैविक खादों के उपयोग और उचित जल प्रबंधन के बारे में जानकारी और व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। साथ ही, कृषि का महत्व भी समझा जाएगा, ऐसा पाटिल ने भी कहा। इस परियोजना में विभिन्न प्रकार की सब्जियों और पत्तेदार साग की खेती की गई है। इनमें बैंगन, भिंडी, टमाटर, मक्का, मिर्च, शिमला मिर्च, हरी और लाल गोभी, मूंगफली, शकरकंद, सूरन, लाल मठ्ठा, मेथी, करले, डोडका, शिराली, कद्दू और अन्य बेल वाली सब्जियाँ शामिल हैं। दो प्रकार के चावल और चने का उत्पादन किया जा रहा है। इस बीच, आम, नींबू, चीनी नींबू, एवोकैडो, अंजीर, केला, कस्टर्ड एप्पल, लक्ष्मणफल, अनार, बटका नारियल आदि फलों के पेड़ लगाए गए हैं। परियोजना क्षेत्र में एक कृत्रिम तालाब बनाया गया है और इसमें जल लिली और मछलियाँ छोड़ी गई हैं। भविष्य में, इस परियोजना में मुर्गियाँ, गाय, बकरियाँ, टर्की और बत्तखें शामिल करने की योजना है। ठाणे मनपा की इस पहल को उपयोगी बनाने के लिए, इस खेत में उत्पादित जैविक उत्पादों को अनाथालयों और वृद्धाश्रमों को दिया जाएगा। ठाणे मनपा के उद्यान विभाग और वृक्ष प्राधिकरण को पूरा विश्वास है कि पातलीपाड़ा जैविक खेती परियोजना एक सर्वांगीण, पर्यावरण के अनुकूल, शैक्षणिक और सामाजिक दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण पहल होगी। पातलीपाड़ा में मनपा की इस जैविक खेती परियोजना को नागरिक सोमवार से शनिवार तक देख सकते हैं। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक छात्र भी दौरा कर सकते हैं।

# माँ विद्यालय में फोर स्टार रैंकिंग टेबल टेनिस टूनार्मेंट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , श्री माँ विद्यालय, घोड़बंदर रोड स्थित श्री माँ हॉल में फोर स्टार रैंकिंग टेबल टेनिस टूनार्मेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। श्री माँ गुरुकुल और एस्पिरेंट्स टेबल टेनिस अकादमी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस टूनार्मेंट को लोगों का अच्छा समर्थन मिला। ठाणे, मुंबई शहर, पालघर और रायगढ़ जिलों के विभिन्न आयु समूहों के 530 से अधिक टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने इस टूनार्मेंट में भाग लिया। सभी ने इस छह दिवसीय टूनार्मेंट के सफल आयोजन के लिए श्री माँ गुरुकुल और एस्पिरेंट्स टेबल टेनिस अकादमी की प्रशंसा की। माता-पिता, कोच और दर्शकों की ओर से उत्साहवर्धन और तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल भर गया। इस भव्य टूनार्मेंट का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस टूनार्मेंट में लड़कियों की अंडर 13 श्रेणी में जिनया वधान प्रथम विजेता बनीं। ज्ञानश्री तरडे को दूसरा स्थान मिला। अंडर-11 लड़कों की श्रेणी में युवानसिंह वालिया और अव्यानसिंह वालिया ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में सायशा मधुर और देवेश गावड़े तथा बालक वर्ग में अधिराज चौहान और श्रेयान मिश्रा ने सेमीफाइनलिस्ट का खिताब जीता। प्रतियोगिता में श्री मां ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन श्री बालगोपाल, श्री मां विद्यालय की प्रिंसिपल मिनी नायर, वाइस प्रिंसिपल मेघना वांगे, हेड मिनिस्ट्री रमा अनंतरामन, लक्ष्मी अय्यर तथा टी.डी.टी.टी.ए. और एम.एस.टी.टी.ए. के सचिव यतिन टिपनिस उपस्थित थे।

# सीबीआई चीफ और जज बनकर ठगी करने वाले 7 गिरफ्तार

## आरोपियों में एक एमबीए पास युवक, 10 प्रतिशत तक मिलता था कमीशन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के एमबीए पास युवक समेत सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक व्यक्ति से एक करोड़ 4 लाख रुपए की ठगी की थी। पुलिस ने आरोपियों से 7 मोबाइल, 9 एटीएम कार्ड और एक पासबुक बरामद की है। गिरफ्तार गए आरोपी खुद को सीबीआई चीफ और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बताकर डिजिटल अरेस्ट करने वालों के लिए काम करते थे। वे पीड़ितों से रुपए ट्रांसफर कराते और बदले मुख्य आरोपियों से 2 से 10 प्रतिशत तक कमीशन लेते थे। ठगों ने चौक कोतवाली क्षेत्र निवासी शरदचंद्र को दो करोड़ 80 लाख रुपए के घोटाले का आरोपी बताया गया। आरोपियों ने 15 जून तक पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट किया। जमानत दिलाने और केस खत्म करने के नाम पर उनसे रुपए ऐंठे। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की। एसपी राजेश द्विवेदी ने एसआईटी टीम गठित की। जांच में पता चला कि पैसे हैदराबाद के एक कॉरपोरेट अकाउंट में ट्रांसफर किए गए थे। इस खाते में 71 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए। इसी समय 3 करोड़ रुपए का अन्य लेनदेन भी हुआ। खाता धारक ने खुद इन्वेस्टमेंट अकाउंट के दुरुपयोग की शिकायत हैदराबाद में दर्ज कराई थी। पुलिस अभी मुख्य आरोपियों की तलाश कर रही है। आरोपियों में झांसी के सुनील अहिरवार, आगरा के प्रशांत कटारा, दिल्ली के गौतम सिंह, हाथरस के संदीप कुमार, हरियाणा के सैय्यद सैफ, गाजियाबाद के आर्यन शर्मा और मध्य प्रदेश के पवन कुमार यादव इस गिरोह में शामिल हैं। इन सभी में गौतम सिंह ने एमबीए किया है, जबकि अन्य आरोपी भी पढ़े-लिखे हैं। मामले में डिजिटल अरेस्ट और फिनटैंक साइबर फ्रॉड के माध्यम से वित्तीय ठगी की गई है। फिनटैंक फ्रॉड टीम कमीशन के आधार पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए किसी व्यक्ति के कॉरपोरेट करंट अकाउंट को चिह्नित करती है।

# स्कूली बच्चों ने संभाला ट्रैफिक

## छात्रों ने अंटा चौराहे पर यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया, हेलमेट-सीट बेल्ट पहनने की अपील

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए यातायात पुलिस ने एक अनूठी पहल की है। यातायात प्रभारी निरीक्षक विनय पांडेय ने तक्षशिला स्कूल के छात्र छात्रों को यातायात व्यवस्था से जोड़ा। छात्रों ने अंटा चौराहे पर यातायात नियमों का पालन कराया। उन्होंने बिना हेलमेट और सीट बेल्ट वाले वाहन चालकों को रोका। छात्रों ने उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी। चौराहे पर जाम की स्थिति में भी छात्रों ने यातायात पुलिस की मदद की। यातायात प्रभारी निरीक्षक विनय पांडेय ने बताया कि छात्रों को यातायात संचालन की बुनियादी जानकारी दी गई। इसमें यातायात के संकेत और जिम्मेदार वाहन चालक की भूमिका शामिल थी। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को सही दिशा में लगाने से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। छात्रों की इस पहल से लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। स्कूली छात्रों द्वारा यातायात व्यवस्था संभालना शहर में चर्चा का विषय बना रहा।



# बैंक कैश वाहन नाले में फंसा

## तिलहर में नगर पालिका की लापरवाही से खुले नाले में गिरी गाड़ी, कोई हताहत नहीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , तिलहर नगर में एक बैंक कैश वाहन नाले में फंस गया। यह घटना पोटरगंज मोड़ पर हुई। नगर पालिका कर्मचारियों ने नाले की सफाई के लिए ढक्कन हटाया था। लेकिन बाद में उसे वापस नहीं लगाया। इसी कारण यह हादसा हुआ। तेज आवाज के साथ वाहन नाले में गिरा। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने तुरंत मदद की। उन्होंने चालक और दो अन्य कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। वाहन चालक प्रमोद पाठक ने बताया कि ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में गाड़ी का पहिया फिसल गया। इससे वाहन नाले में जा गिरा। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस मार्ग की खुदाई के बाद मरम्मत नहीं की गई। इस वजह से कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा को घटना की जानकारी दी गई। उन्होंने नाले की तत्काल मरम्मत का आश्वासन दिया। फंसे हुए वाहन को लोहे की चैन से बांधकर ट्रैक्टर की मदद से बाहर निकाला गया।

# जमीन बेचने का झांसा देकर ठगी



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर , जलालाबाद में जमीन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। गांव गुनारा की निवासी शायदा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शायदा का पति दिल्ली में मजदूरी करता है। शायदा ने बताया कि उनके परिवार के शान मोहम्मद ने अपनी आवासीय जमीन बेचने का प्रस्ताव रखा। जमीन का सौदा ढाई लाख रुपए में तय हुआ। शायदा ने गांव के शाहिद आरिफ की मौजूदगी में शान मोहम्मद को दो लाख रुपए एडवांस के रूप में दे दिए। शान मोहम्मद ने कहा कि जब चाहें तब जमीन का बैनामा करा सकती हैं। 28 जून को शायदा के पति ने घर आकर शान मोहम्मद को 50 हजार रुपए और दिए। रजिस्ट्री के लिए कहा तो उसने दो दिन बाद चलने की बात कही। 29 जून को जब शायदा के परिवार वाले बैनामे के लिए शान मोहम्मद के घर गए, तो वह गुस्सा हो गया और जान से मारने की धमकी दी।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# बांग्लादेश में शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

## अदालत की अवमानना की दोषी करार; पूर्व पीएम 11 महीने पहले भागकर भारत आई थीं

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। बांग्ला अखबार द डेली स्टार के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईटीसी) ने बुधवार को यह सजा सुनाई।

आईटीसी ने हसीना और एक स्थानीय नेता शकील बुलबुल के बीच हुई फोन बातचीत की जांच करने के बाद यह फैसला सुनाया। यह बातचीत पिछले साल सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी और कई अखबारों ने भी इसे छापा था।



इस कथित ऑडियो क्लिप में शेख हसीना को यह कहते सुना गया कि उनके खिलाफ 227 मुकदमे दर्ज हैं, इसलिए उन्हें 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। पिछले साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर विद्रोह के बाद शेख हसीना ने पद छोड़ दिया था और उसके तुरंत बाद भारत भाग गई थीं। अदालत ने ऑडियो क्लिप में शेख हसीना की बातों बहुत गंभीर माना और कहा कि यह बयान अदालत का अपमान करने और न्याय को कमजोर करने की कोशिश है। बातचीत में शामिल बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा दी गई है। न्यायाधिकरण ने कहा कि सजा तभी लागू होगी जब हसीना और बुलबुल अदालत के सामने आत्मसमर्पण करेंगे या उन्हें पुलिस गिरफ्तार करेगी। अगर सजा लागू होती है, तो दोनों को गैर-कठोर यानी हल्की जेल की सजा भुगतनी होगी। मामले की सुनवाई इस साल 30 अप्रैल को तब शुरू हुई जब मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने अदालत में यह मामला रखा। उन्होंने कहा कि बातचीत में दी गई धमकियों का मकसद इंसाफ मांगने वाले पीड़ितों और गवाहों को डराना था। बाद में अदालत ने हसीना और बुलबुल को 25 मई तक सफाई देने को कहा, लेकिन दोनों न तो अदालत में पेश हुए और न ही कोई जवाब दिया। इसके बाद अदालत ने अखबारों में नोटिस छपवाया और 3 जून तक पेश होने का मौका दिया। मगर आज की सुनवाई तक भी हसीना न तो खुद आईं और न ही उनके वकील की तरफ से कोई जवाब आया। इस वजह से अदालत ने उनकी अनुपस्थिति में ही सजा सुना दी। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया था। बांग्लादेश भारत से हसीना को डिपोर्ट करने की अपील भी कर चुका है। हालांकि भारत सरकार उनका वीजा बढ़ा चुकी है, जिससे यह साफ हो गया कि उन्हें बांग्लादेश डिपोर्ट नहीं किया जाएगा।

# 70% मुस्लिम आबादी वाले कजाकिस्तान में हिजाब बैन

## चेहरा ढकने वाले काले कपड़ों पर भी पाबंदी, राष्ट्रपति बोले- राष्ट्रीय पहचान वाले कपड़े पहनें

एजेंसी

अस्ताना, कजाकिस्तान ने सार्वजनिक जगहों पर चेहरा ढकने वाले कपड़ों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सोमवार को राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया है कि चेहरा ढकने वाले कपड़े, जिनसे किसी की पहचान छिपती है, सार्वजनिक जगहों पर नहीं पहने जा सकते। राष्ट्रपति तोकायेव ने कहा- 'चेहरा ढकने वाले काले कपड़ों की बजाय हमारे राष्ट्रीय कपड़े पहनना बेहतर है। ये कपड़े हमारी संस्कृति को दर्शाते हैं और इन्हें बढ़ावा देना चाहिए।' हालांकि, बीमारी,



खराब मौसम, खेल, या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इसकी छूट है। कजाकिस्तान सरकार ने 2023 में स्कूलों में हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का कहना है कि स्कूल यूनिफॉर्म के नियम हिजाब पहनने की इजाजत नहीं देते। इस फैसले के खिलाफ 150 लड़कियों ने स्कूल छोड़ दिया था। कजाकिस्तान में करीब 70% लोग इस्लाम धर्म मानते हैं, जबकि ईसाई धर्म दूसरा सबसे बड़ा धर्म है। कजाकिस्तान के अलावा मध्य एशिया के कई देशों ने भी चेहरा ढकने वाले कपड़ों, जैसे नकाब और बुरका, पर रोक लगाई है। ये देश अपनी संस्कृति और सुरक्षा को बढ़ावा देना चाहते हैं। ताजिकिस्तानः 2024 में ताजिकिस्तान ने हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का कहना था कि यह राष्ट्रीय संस्कृति की रक्षा और कट्टरपंथ को रोकने के लिए है। नियम तोड़ने पर जुर्माना है। किर्गिस्तानः इसी साल किर्गिस्तान ने नकाब पर रोक लगाई है। नियम तोड़ने पर 230 डॉलर (20 हजार रुपए) का जुर्माना है। सरकार का कहना है कि यह सुरक्षा और लोगों की पहचान के लिए जरूरी है। उज्बेकिस्तानः उज्बेकिस्तान में बुरका और नकाब पर रोक है और नियम तोड़ने पर 250 डॉलर (22 हजार रुपए) से ज्यादा जुर्माना है। 2021 में हिजाब की इजाजत दी गई, लेकिन स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में इसे लेकर कुछ सीमाएं हैं। सरकार का कहना है कि यह सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता के लिए है। ट्यूनीशियाः 2019 में ट्यूनीशिया ने सरकारी दफ्तरों में नकाब पर रोक लगाई, क्योंकि एक हफ्ते में तीन आत्मघाती बम हमले हुए थे। पहले 2011 तक इस्लामी कपड़ों पर रोक थी, जिसे बाद में हटा लिया गया।

# ट्रम्प बोले- भारत से व्यापार समझौता जल्द होगा

## टैरिफ काफी कम होंगे; 9 जुलाई से पहले होनी है दोनों देशों में डील

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक व्यापार समझौता होगा। जिसमें टैरिफ काफी कम होंगे।

ट्रम्प ने इसे दोनों देशों के बाजारों में बेहतर प्रतिस्पर्धा के लिए अच्छ बताया। भारत और अमेरिका के बीच इस समय द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर वॉशिंगटन में बीते 6 दिनों से बातचीत जारी है।

भारत और अमेरिका के बीच अगर 9 जुलाई तक कोई समझौता नहीं हुआ हुआ तो भारत पर 26% टैरिफ लग सकता है। यह वो तारीख है जब ट्रम्प के सस्पेंडेड टैरिफ दोबारा लागू होंगे।



ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के करीब 100 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26% टैरिफ लगा। फिर 9 अप्रैल को ट्रम्प प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। ट्रम्प ने ये समय भारत जैसे देशों को डील पर फैसले लेने के लिए दिया है।

न्यूज एजेंसी एएनआई ने एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया कि अगर बातचीत नाकाम रहती है, तो 26% का टैरिफ स्ट्रक्चर तुरंत प्रभाव से फिर से लागू हो जाएगा अमेरिका कृषि व डेयरी में शुल्क रियायत की मांग कर रहा है। हालांकि भारत ने रुख कड़ा किया है। भारत का मानना है कि जीएम फसलों, कृषि व डेयरी प्रोडक्ट, मेडिकल डिवाइस व डेटा लोकलाइजेशन में ज्यादा छूट दी, तो खाद्य सुरक्षा पर असर पड़ सकता है। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के मुख्य वातार्कार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने वॉशिंगटन में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। भारत-अमेरिका डील से जुड़े लोगों ने बताया- हफ्तों पहले हुई बातचीत में मुख्य रूप से भारत और अमेरिका में इंडस्ट्री और कृषि उत्पादों के लिए ज्यादा बाजार पहुंच, टैरिफ में कटौती और नॉन-टैरिफ बैरियर्स पर फोकस रहा। अमेरिकी डेलिगेशन की अगुआई यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ऑफिस के अधिकारियों ने की। जबकि भारतीय व्यापार मंत्रालय की टीम की कमान सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल कर रहे थे। इस समझौते का लक्ष्य दोनों देशों के बीच सालाना द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 190 अरब डॉलर (करीब 16 लाख करोड़) से बढ़ाकर 2030 तक 500 अरब डॉलर (करीब 43 लाख करोड़) तक ले जाना है।

# दलाई लामा बोले- उत्तराधिकारी का चयन बौद्ध परंपराओं से होगा

## इसमें चीन की कोई भूमिका नहीं; चीनी प्रवक्ता बोले- केंद्र सरकार की परमिशन लेनी होगी

एजेंसी

धर्मशाला, हिमाचल के धर्मशाला में बुधवार को शुरू हुए 15वें तिब्बती धार्मिक सम्मेलन के मौके पर दलाई लामा की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि दलाई लामा की संस्था भविष्य में भी जारी रहेगी। साथ ही उन्होंने यह भी क्लियर किया कि उनके देहांत के बाद उनके उत्तराधिकारी का चयन भी तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार ही होगा। तिब्बत और बौद्ध धर्म में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए दलाई लामा ने यह भी स्पष्ट



रूप से कहा है कि उनके उत्तराधिकारी के चयन में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। अगर चीन ऐसा करने की कोशिश भी करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दें कि धर्मशाला स्थित दलाई लामा लाइब्रेरी एंड आर्काइव में 3 दिवसीय धार्मिक सम्मेलन शुरू हुआ है, जिसमें तिब्बती बौद्ध धर्म की विभिन्न परंपराओं के प्रमुख लामाओं, तिब्बती संसद, सिविल सोसाइटी, संगठनों और दुनिया भर से आए तिब्बती समुदाय के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने वीडियो संदेश के माध्यम से बताया कि उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के चयन की जिम्मेदारी 'गादेन फोडंग ट्रस्ट' को सौंपी है। उन्होंने दोहराया कि अगले दलाई लामा की पहचान और मान्यता की पूरी प्रक्रिया का अधिकार केवल ट्रस्ट को है। कोई अन्य व्यक्ति, संगठन या सरकार इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। दलाई लामा ने कहा कि ट्रस्ट के अलावा कोई और अगले दलाई लामा की नियुक्ति नहीं कर सकता है। इस घोषणा ने उन चचाओं पर विराम लगा दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि चीन मौजूदा दलाई लामा की मौत के बाद खुद 15वें दलाई लामा की नियुक्ति कर देगा। दलाई लामा ने अपने वीडियो संदेश में कहा- 1969 में ही हमने यह स्पष्ट कर दिया था कि संस्था को जारी रखने का निर्णय संबंधित लोगों को करना चाहिए।

# फोरेंसिक रिपोर्ट से हुई पुष्टि, चंद्रबाबू नायडू का बड़ा दावा-जगन मोहन की कार ने ही रोड शो में व्यक्ति को कुचला



**मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी पलनाडु में हुई एक घटना के बाद आई है, जहां जगन के काफिले में शामिल एक वाहन ने कथित तौर पर 53 वर्षीय व्यक्ति सी सिंगय्या को कुचल दिया था। नायडू ने वाईएसआरसीपी नेतृत्व की प्रतिक्रिया की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने घायल व्यक्ति को मदद दिए बिना मरने के लिए छोड़ दिया।**

एजेंसी

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर तीखा हमला करते हुए उन पर हिंसा, बेईमानी और धमकी में निहित राजनीतिक संस्कृति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। पूर्वी गोदावरी जिले के कोवूर में पेंशन वितरण समारोह में बोलते हुए नायडू ने मंगलवार को कहा कि जगन का नेतृत्व मानव जीवन के प्रति पूर्ण उपेक्षा को दशार्ता है। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी पलनाडु में हुई एक घटना के बाद आई है, जहां जगन के काफिले में शामिल एक वाहन ने कथित तौर पर 53 वर्षीय व्यक्ति सी सिंगय्या को कुचल दिया था। नायडू ने वाईएसआरसीपी नेतृत्व की प्रतिक्रिया की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने घायल व्यक्ति को मदद दिए बिना मरने के लिए छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि अगर कोई दुर्घटना में घायल होता है, तो हमारी पहली प्रवृत्ति उसे बचाने की होनी चाहिए। लेकिन इसके बजाय, उन्होंने उस व्यक्ति के साथ कुत्ते जैसा व्यवहार किया, उसे एक तरफ फेंक दिया और उसे मरने दिया। नायडू ने वाईएसआरसीपी पर फोरेंसिक साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करके जांचकताओं को गुमराह करने का आरोप लगाया। नायडू ने कहा कि अब वे बेशर्मी से कह रहे हैं कि वह उनकी कार के नीचे नहीं, बल्कि किसी अन्य वाहन के नीचे गिरा। वे फर्जी सबूत तैयार कर रहे हैं। लेकिन कभी-कभी ऐसा लगता है कि भगवान खुद हस्तक्षेप कर रहे हैं। फोरेंसिक रिपोर्ट और वीडियो स्पष्ट रूप से सच्चाई दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि सबूतों से पुष्टि होती है कि यह जगन का वाहन था जिसने व्यक्ति को घातक रूप से मारा। उन्होंने यह भी दावा किया कि स्थानीय पुलिस ने वाईएसआरसीपी नेताओं को सुरक्षा चिंताओं के कारण संकरी गलियों में राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित न करने की सलाह दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे फिर भी बल दिखाते हुए आगे बढ़े और उपद्रवियों की तरह व्यवहार किया। पुलिस की संख्या कम थी और उन्होंने उन्हें उचित स्थान पर बैठक आयोजित करने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने सभी चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया।

# पीएम मोदी को घाना में 21 तोपों की सलामी, राष्ट्रपति महामा ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया

## नेहरू-अटल के बाद घाना जाने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री

**घाना में भारत का यूपीआई सिस्टम लाने पर राष्ट्रपति से मोदी की बातचीत घाना में पीएम मोदी राष्ट्रपति जॉन महामा से मिलेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय व्यापार और रिश्तों पर चर्चा करेंगे। इस दौरान एनर्जी, खेती और डिजिटल तकनीक और वैक्सीन हब डेवलप करने के क्षेत्र में कई समझौते साइन होंगे।**

एजेंसी

एक्रॉ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अफ्रीकी देश घाना पहुंच गए हैं। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा ने राजधानी एक्रॉ में एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी को 21 तोपों की सलामी के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए एक्रॉ में एक होटल के बाहर बच्चे भारतीय वेशभूषा में पहुंचे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए संस्कृत में श्लोक याद किया है। बच्चे प्रधानमंत्री के पहुंचने पर उनके सामने श्लोक का पाठ करेंगे ।मोदी 2 जुलाई से 8 दिनों के लिए 5 देशों की यात्रा पर हैं।



वे सबसे पहले घाना गए हैं। यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की 30 सालों में पहली घाना यात्रा है। इससे पहले 1957 में पंडित जवाहरलाल नेहरू और 1995 में नरसिम्हा राव बतौर ढट घाना के दौरे पर पहुंचे थे ।घाना के बाद प्रधानमंत्री मोदी त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया जाएंगे। 2014 से अब तक के तीन कार्यकाल में, प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद एंड टोबैगो और नामीबिया में भी पहली यात्रा होगी। मोदी ब्राजील में इफकउर समिट में हिस्सा लेंगे ।भारत का डिजिटल पेमेंट सिस्टम घाना में लाने के बारे में भी बातचीत होगी, ताकि दोनों देशों में डिजिटल लेन-देन आसान हो सके। मोदी और महामा एक साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी घाना की संसद और वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के 15000 लोगों को संबोधित करेंगे। घाना के राष्ट्रपति महामा मोदी के सम्मान में स्टेट डिनर भी आयोजित करेंगे।

### कोविड काल में भारत ने घाना को 6 लाख वैक्सीन दी

भारत और घाना अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे के मजबूत समर्थक रहे हैं। दोनों देश गुटनिरपेक्ष आंदोलन के सदस्य हैं और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों में मिलकर काम करते हैं। घाना ने भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के दावे का समर्थन किया है ।जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और अन्य वैश्विक मुद्दों पर दोनों देश एक-दूसरे के साथ खड़े रहते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने घाना को वैक्सीन और चिकित्सा मदद दी थी। भारत ने घाना को 6 लाख कोविड वैक्सीन दी थी।

### गांधी के आदर्शों पर चलकर मिली घाना को आजादी

क्वामे एन्क्रूमा घाना के सबसे बड़े नेता थे, जिन्हें अफ्रीका का महात्मा गांधी भी कहा जाता है।

# विभाजनकारी तत्व हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग की उपलब्धियों से परेशान : स्टालिन

**स्टालिन ने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) शासन के तहत पिछले चार वर्षों के दौरान विभाग के तत्वावधान में अब तक 2,376 शादियां संपन्न हुई हैं और इसमें आज हुए 576 विवाह भी शामिल हैं।**

एजेंसी



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बुधवार को कहा कि विभाजनकारी मानसिकता वाले लोग, जो भक्ति के मुखौटे का उपयोग करके अपने वास्तविक इरादों को छिपाते हैं, द्रविड़ मॉडल सरकार के हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग की उपलब्धियों को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं ।यहां हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के तत्वावधान में 32 जोड़ों के विवाह समारोह की अध्यक्षता करते हुए स्टालिन ने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) शासन के तहत पिछले चार वर्षों के दौरान विभाग के तत्वावधान में अब तक 2,376 शादियां संपन्न हुई हैं और इसमें आज हुए 576 विवाह भी शामिल हैं ।स्टालिन ने कहा कि 3,177 मंदिरों का अभिषेक किया गया है, जो अभूतपूर्व है। इसके साथ ही, 997 मंदिरों से संबंधित 7,655.75 एकड़ भूमि, जिसकी कीमत लगभग 7,701 करोड़ रुपये है, को पुनः प्राप्त करना द्रविड़ मॉडल सरकार के हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग की मुख्य उपलब्धियों में शामिल है।

# जनता कर्ज में डूब रही और मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे हैं

## कांग्रेस का केंद्र सरकार पर वार

**जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह सालों में देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है। लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में कोई प्रयास नहीं किया गया, केवल पूंजीपति मित्रों के लिए सारी नीतियां बनाई गईं, जिसके नुकसान आज देश की जनता भुगत रही है।**

एजेंसी

कांग्रेस ने व्यक्तिगत कर्जदारों के प्रति व्यक्ति कर्ज में वृद्धि को लेकर बुधवार को केंद्र पर निशाना साधा और कहा कि सरकार आंकड़ों और विशेषज्ञों का सहारा लेकर वास्तविक कमियों को छिपाने का लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन 'मोदी राज' में देश पर कर्ज का बोझ चरम पर है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सरकार पर हमला करने के लिए मीडिया रिपोर्टों के स्क्रीनशॉट साझा किए। जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह सालों में देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है। लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में कोई प्रयास नहीं किया गया, केवल पूंजीपति मित्रों के लिए सारी नीतियां बनाई गईं, जिसके नुकसान आज देश की जनता भुगत रही है। यह सच्चाई किसी न किसी तरह हर रोज हमारे सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ताजा रिपोर्ट से भारत की अर्थव्यवस्था की चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। सरकार कि ओर से आंकड़ेबाजी और एक्सपट्र्स का सहारा लेकर असली



कमियों को छुपाने की कोशिश लगातार जारी है, लेकिन इस सच्चाई से कोई इनकार नही कर सकता कि देश पर कर्ज का बोझ मोदीराज में चरम पर है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि 2 साल में प्रति व्यक्ति कर्ज 90,000 बढ़कर ?4.8 लाख हो गया है। आमदनी का 25.7% हिस्सा सिर्फ कर्ज चुकाने में जा रही है। सबसे ज्यादा 55% लोन तथाकथित रूप से क्रेडिट कार्ड, मोबाइल एटक आदि के लिए जा रहा है, जिसका मतलब है इस महंगाई में परिवारों की आय में उनका गुजारा नहीं हो रहा है और वे कर्ज लेने पर मजबूर हैं। असुरक्षित कर्ज 25% पार हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि मार्च 2025 तक भारत पर दूसरे देशों/बाहरी कर्ज 736.3 बिलियन डॉलर था, जो पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत ज्यादा है ।रमेश ने कहा कि युवाओं को नौकरी नहीं, किसान आत्महत्या कर रहे, महंगाई से जनता त्रस्त, संस्थाओं को कुचला जा रहा है।

## संक्षेप

### आरसीसी रोड का निमार्ण

**विधायक ने निरीक्षण में पाई खामियां, पीली ईंट हटाने का आदेश**

सुलतानपुर, मुडुई नेवादा में विधायक निधि से बन रही आरसीसी रोड का विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने आज निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण में कई खामियां सामने आईं। विधायक ने ठेकेदार को पीली ईंट तुरंत हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि गुणवत्ता में कमी बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। सड़क निर्माण के लिए 160 मीटर की स्वीकृति दी गई है। विधायक ने कहा कि निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किया गया तो ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनके आदेश पर पीली ईंटों को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। अब यह देखना होगा कि विधायक के आदेश का पालन होता है या नहीं।

### सीएचसी में वन महोत्सव पर नई पहल

**सात नवजात के परिवारों को मिले पौधे और ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट**

सुलतानपुर, मोतिगरपुर सीएचसी में वन महोत्सव सप्ताह के दौरान एक अनूठी पहल की गई। दो दिनों में जन्मे सात नवजात शिशुओं के परिवारों को पौधे और ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट दिए गए। वन विभाग के निर्देश पर वन महोत्सव सप्ताह में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेंजर जयसिंहपुर मोहम्मद जायर ने चार नवजातों के परिवारों को पौधे और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर के अधीक्षक डॉ. अवनीश मिश्र ने कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों को हरा-भरा भविष्य देने की दिशा में एक कदम है। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में डॉ. बिंदु यादव, डॉ. श्रुति, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सत्यदेव सिंह, स्टाफ नर्स ममता दूबे, वन दरोगा चंद्र प्रकाश और दैनिक वाचर धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### लंभुआ डिवीजन में दो माह से नहीं मिला वेतन

**संविदा कर्मियों ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के लंभुआ डिवीजन में संविदा कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष आनंद कुमार अग्रहरि ने इस मुद्दे को उठाया है। कंपनी के एग्रीमेंट के अनुसार हर माह की 7 तारीख तक वेतन भुगतान अनिवार्य है। लेकिन पिछले दो महीनों से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। इसके अलावा कर्मचारियों को पूरी सेफ्टी किट भी नहीं दी गई है। सेफ्टी बेल्ट और जूते जैसी आवश्यक सुरक्षा सामग्री भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। अग्रहरि ने चेतावनी दी है कि अगर वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो लंभुआ डिवीजन में पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

# एमएनएनआईटी के छात्र ने लगाए थे गलत आरोप

**जांच कमेटी ने दी रिपोर्ट, पीड़ित छात्र बोला– यदि मेरे आरोप गलत निकले तो खुद पर कराऊंगा एफआईआर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, एमएनएनआईटी (मोतीलाल नेहरू नेहरू प्रोद्यौगिकी संस्थान) के एमटेक छात्र कुलदीप श्रीवास्तव ने एचओडी व अन्य कर्मचारियों पर नंगा करने व गोली चलाने के आरोप लगाए थे। यह आरोप उसने डायरेक्टर को मेल के जरिए भेजी थी। आज तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी जिसमें यह बताया गया कि छात्र कुलदीप श्रीवास्तव ने गलत व मनगढंत आरोप लगाए थे। पिछले कुछ दिनों से वह डिप्रेशन में था और वह अपने अभिभावक के साथ वापस घर चला गया। रजिस्ट्रार रमेश पांडेय का कहना है, ₹तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने अपनी जांच पूरी कर ली है। कमेटी ने एक जुलाई को अपनी रिपोर्ट दे दी है जिसमें सभी आरोप गलत पाए गए हैं।₹ वहीं, दूसरी ओर पीड़ित छात्र कुलदीप श्रीवास्तव ने जांच कमेटी पर सवाल उठाए। उसने कहा कि कमेटी ने मुझसे पूछताछ के लिए बुलाया तक नहीं। न ही मेरी बात सुनी गई है। मेरा बयान तक जांच कमेटी ने नहीं लिया तो जांच कैसे हो गई? कुलदीप ने कहा, यदि उसने जो आरोप एचओडी व अन्य पर लगाए हैं उसमें एक भी झूठा निकला तो मैं खुद थाने पर अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज कराऊंगा। पीड़ित छात्र कुलदीप ने बताया कि मुझे और मेरे परिजनों को अप्रत्यक्ष रूप से धमकी दी रही है। मुझे प्रलोभन भी दिया जा रहा है। मैं अकेले ही आवाज उठाऊंगा इसका परिणाम चाहे जो हो। कहीं न कहीं छात्र ने जो आरोप लगाए हैं वह सही है। लेकिन इस बात को संस्थान की ओर से दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा, एचओडी वीएस त्रिपाठी ने मुझे कॉल करके बुलाया था और आरटीआई वापस लेने के लिए दबाव बना रहे थे। दरअसल, छात्र कुलदीप श्रीवास्तव ने आरटीआई के जरिए संस्थान से जुड़े कई अहम सवाल पूछे थे।

इसी बात से एचओडी आदि नाराज थे। आरटीआई वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। एचओडी ने रिकार्डिंग करने के संदेह पर उसके सारे कपड़े उतरवा दिए। उसने संस्थान के डायरेक्टर को मेल के जरिए यह शिकायत की तो मामले में जांच के लिए कमेटी बना दी गई। इस पर कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा, यदि एचओडी के चेंबर की सीसीटीवी की जांच कराई जाए तो सब स्पष्ट हो जाएगा। उसमें साफ दिख जाएगा कि मेरे साथ क्या किया गया है।

# नाले से मिला युवक का शव

**ग्रामीणों ने दोपहर में देखा तैरता शव, पुलिस जांच में जुटी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज , मेजा थाना अंतर्गत सिंह पुर इलाके के एक नोए मे 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से लोगो मे हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कों नाले से बाहर निकाल शीनख्त हेतु घंटो प्रयास किया,लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है। पुलिस मामले की जाँच मे जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार,मेजा थाना क्षेत्र के सिंह पुर गाव स्थित नाले मे बुधवार की दोपहर शौंच कों गए विनोद नामक युवक ने तैरता हुआ शव देखा।उसने ग्रामीणों कों जानकारी दी तो भारी भीड़ जुट गई। इसकी सूचना तत्काल ग्रामीणों ने पुलिस कों दिया। उक्त सूचना कोहड़ा चौकी इंचाइज मय हमराह घटनास्थल पहुँचे।पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव कों नाला से बाहर निकलवाया।इसके बाद पुलिस शव की शीनख्त मे घंटो प्रयासरत रही।लेकिन शव की पहचान मे पुलिस कों सफलता नहीं मिल सकी।वहीं पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है। पुलिस मामले की जाँच मे जुट गई है। मामले मे कोहड़ा चौकी इंचार्ज अमित कुमार सिंह ने बताया की शव की पहचान नहीं हो पै है।शव पीएम भेज अग्रिम जाँच की जा रही है।

# डायल 112 की स्कॉर्पियो हादसे का शिकार

**नीलगाय से टकराई गाड़ी, दो पुलिसकर्मी घायल; ट्रामा सेंटर में भर्ती**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सिधियांवा गांव के पास नेशनल हाईवे पर एक हादसा हुआ। दोपहर के समय डायल 112 की पीआरवी 5344 स्कॉर्पियो एक नीलगाय से टकरा गई। यह गाड़ी कॉलर की सूचना पर घटनास्थल की ओर जा रही थी। हादसे में गाड़ी में सवार दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर थाना प्रभारी धीरेंद्र यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों का इलाज जारी घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों पुलिसकर्मियों की स्थिति स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। वर्तमान में दोनों का इलाज जारी है।



# अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई

**कादीपुर में 30 लीटर कच्ची शराब बरामद, 2 गिरफ्तार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। कादीपुर क्षेत्र में आबकारी टीम ने कार्रवाई करते हुए 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की।

जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में टीम ने कादीपुर खुर्द, महमूदपुर जंगलिया, रॉबिगो और इमलिया में छापेमारी की। इस दौरान 150 किलोग्राम लहन भी बरामद कर नष्ट किया गया। टीम ने आरो प्लांट और कबाड़ी की दुकानों की भी जांच की। कार्रवाई के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार कर उत्तर प्रदेश आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आबकारी टीम ने ईंट भट्टा मालिकों को अवैध शराब निर्माण न करने की चेतावनी दी। साथ ही लोगों से अवैध शराब का सेवन न करने की अपील की। टीम ने देशी शराब, विदेशी मदिरा और बीयर की दुकानों का भी निरीक्षण किया। दुकानों पर स्टॉक और बोतलों पर लगे क्यूआर कोड की जांच में कोई गड़बड़ी नहीं मिली। इस कार्रवाई में आबकारी सिपाही विकास सिंह, सूबेदार मोहम्मद और वाहन चालक कलीम शामिल रहे।



# बाल विकास परियोजना कार्यालय में छापा

**जांच को भेजे गए पोषण सामग्री के सैंपल, मानक के खिलाफ मिलने पर होगी कार्रवाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, संग्रामपुर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने छापा मारा। अधिकारी ने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली पोषण सामग्री की जांच के लिए सैंपल लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर ने चने की दाल, फोटीफाईड गेहूं दलिया और फोटीफाईड रिफाइंड सोयाबीन तेल के सैंपल सील किए। ये सभी सैंपल प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे जाएंगे। अधिकारी ने कहा कि अगर जांच में सैंपल मानक के अनुरूप नहीं पाए गए तो खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पोषण सामग्री की गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग नियमित रूप से औचक निरीक्षण और सैंपलिंग कर गुणवत्ता की जांच करता है।



# सपा से निष्कासित विधायक का स्वागत

**समर्थकों ने किया अभिनंदन, राकेश प्रताप ने कहा– सनातन विरोधी दल से मुक्ति मिली**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, समाजवादी पार्टी से निष्कासित विधायक राकेश प्रताप सिंह का गौरीगंज में जोरदार स्वागत हुआ। लखनऊ से गौरीगंज तक के सफर में हजारों समर्थकों ने उनका स्वागत किया।

रास्ते में सैकड़ों जगहों पर कार्यकताओं ने फूल बरसाए। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच हजारों वाहनों का काफिला उनके साथ चला। राकेश प्रताप ने सोशल मीडिया पर इस स्वागत को ईश्वरीय कृपा बताया। विधायक ने कहा कि सनातन धर्म का अपमान करने वाले दल का सदस्य होना उनके लिए कलंक था। उन्होंने बताया कि पार्टी में रहते हुए भी वे सनातन विरोधी बयानों का विरोध करते थे। सपा से निष्कासन के बाद वे इस कलंक से मुक्त हो गए हैं। राकेश प्रताप ने कहा कि गौरीगंज के लोगों का यह समर्थन उनकी असली पूंजी है। उन्होंने कहा कि लोगों का विश्वास 'जहां राकेश, वहां गौरीगंज' उनके हौसले को मजबूत करता है। यह समर्थन सनातन विरोधियों से लड़ने की शक्ति देगा। विधायक ने कहा कि गौरीगंज किसी दल का गुलाम नहीं है। यह अपनी मिट्टी और अपने लोगों का साथी है। उन्होंने जनता के प्यार और आशीर्वाद के लिए आभार जताया।

# निर्माणाधीन मकान में हादसा

**शटरिंग के दौरान मकान मालिक को करंट लगा, मेडिकल कॉलेज में भर्ती**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़ , थाना रोरावर इलाके में एक निर्माणधीन में हादसा हो गया। काम करते समय करंट लगने से मकान स्वामी झुलस गया। परिजनों ने उसको जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, शहर के गोंडा रोड़ स्थित नीबरी के पास आले हसन परिवार के साथ रहते हैं। मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। शाहजमाल गली नम्बर 13, कयूम नगर के रहने वाले रिश्ते के भाई ल्याकत अली ने बताया कि आले हसन का मकान बन रहा है। उसमें मजदूर काम कर रहे थे। उनके साथ आले हसन भी हाथ बटा रहे थे। इसी बीच शटरिंग का काम चालू था। तभी उनको बिजली का करंट लग गया। करंट लगने से उनके पैर की स्किन बुरी तरह से जल गई है। साथ ही सिर में गम्भीर चोट आई है। उनकी चीख पुकार सुनकर मजदूर एकत्र हो गए। परिजन भी आ गए। बिजली लाइन काटकर उनको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के साथ जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल के डॉक्टर फारूख अंसारी के अनुसार मरीज को परिवार के सदस्य लेकर आये थे। उनकी हालत गम्भीर थी। इसकी सूचना सम्बन्धित थाना पुलिस को भेज दी है। उधर, मरीज का मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है। हादसे के बाद परिजन बहुत परेशान हैं।

# कब्रिस्तान में शव दफन को लेकर विवाद

**कैंसर पीड़ित की मौत पर दो समुदायों में तनाव, दूसरी जगह किया दफन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में मकसूदन ग्राम सभा में एक कैंसर पीड़ित व्यक्ति के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद खड़ा हो गया। 35 वर्षीय वहीद अहमद की मृत्यु के बाद कब्रिस्तान में दफन के लिए जगह को लेकर दो समुदायों के बीच मतभेद उत्पन्न हो गया। वहीद अहमद लंभुआ कस्बे में राजेश बरनवाल की साइकिल की दुकान पर काम करता था। वह कैंसर से पीड़ित था और इलाहाबाद के कमला नेहरू हॉस्पिटल में उसका इलाज चल रहा था। उसके दो बच्चे हैं - 8 वर्षीय अरशद और 5 वर्षीय हमजा। मृतक के परिवार का आरोप है कि कब्रिस्तान में दफन के लिए गड्ढा खोदने से उन्हें रोका जा रहा है। दूसरे समुदाय के लोगों ने उस स्थान पर गड्ढा खोदने से मना कर दिया। इस विवाद की सूचना पुलिस को दी गई। मामले को सुलझाने के लिए स्थानीय पुलिस, राजस्व प्रशासन और नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने जहां अंतिम संस्कार के लिए जगह चिह्नित की थी, उसके बजाय मृतक के परिजन मामपुर ग्राम सभा के कब्रिस्तान में दफन के लिए राजी हो गए।



# राशन कोटे को लेकर महिलाओं का विरोध

**शिवगढ़ जलालपुर की महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन, गांव में हीं चाहिए कोटा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, शिवगढ़ जलालपुर की महिलाओं ने बुधवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। महिलाओं की मुख्य मांग थी कि उनके गांव का राशन कोटा वहीं रहे। दो दर्जन से अधिक महिलाएं कोटेदार के साथ दोपहर बाद कार्यालय पहुंचीं। कोटेदार रेखा ने बताया कि 28 जून को नेटवर्क न होने से मशीन नहीं चल रही थी। वह अपने मामा के यहां गई थीं। इस दौरान जांच टीम ने ताला तोड़कर जांच की। कोटेदार ने जांच टीम पर आरोप लगाए। महिलाओं का कहना था कि गांव से दूर राशन लेने में उन्हें परेशानी होती है। प्रदर्शनकारी महिलाएं कोतवाली भी गईं। प्रभारी निरीक्षक की अनुपस्थिति में वे वापस लौट आईं।

# युवक की धारदार हथियार से हत्या

**पत्नी के प्रेमी पर हत्या का आरोप, गांव से 500 मीटर दूर मिला शव**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, कोसीकला थाना क्षेत्र के गांव ऐंच में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गोविंद पुत्र राजपाल के रूप में हुई है। गोविंद शराब पीकर गांव से निकला था। देर रात तक जब वह नहीं लौटा, तो परिजन उसे खोजने निकले। गांव से करीब 500 मीटर दूर एक भट्टे के पास गोविंद का शव खून से लथपथ मिला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।




कोसीकला थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव की जांच में गर्दन पर धारदार हथियार के निशान मिले। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई गंगवासी उर्फ सचिन ने पुलिस को तहरीर देते हुए लिखा कि उसके 27 वर्षीय भाई की गांव के गुंजार ने धारदार हथियार से बार कर हत्या कर दी। गुंजार के भाई की पत्नी से संबंध थे।

जिसको लेकर उसके भाई ने कई बार विरोध किया। थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल के अनुसार, मृतक कर्नाटक में कंबाइन मशीन चलाता था। वह पिछले 3 महीने से गांव में रह रहा था।


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० –A–544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी